Follow us on :

bharatbhaskar.com

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# भारत भास्कर

हर खबर का असर

डाक पंजीयन - छ.ग. / रायपुर संभाग / 58 / 2021-2023

● वर्ष : 15 ● अंक-19 ● रायपुर, मंगलवार 14 फरवरी 2023 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य-2 रूपये ● रायपुर, नागपुर, भोपाल, लखनऊ एवं दिल्ली से प्रकाशित ● RNI-CHHHIN/2009/29179

सूर्योदय 6.46
सूर्यास्त 5.10
फाल्गुन कृष्ण
पक्ष- नवमीं

**सुविचार**

इस दुनिया मे नमुमकिन कुछ भी नही, हम वो सब कर सकते हैं जो हम सोच सकते हैं और हम वो सब सोच सकते हैं जो हमने कभी नहीं सोचा।
-स्वदेश तिवारी



3 जिले में हाईब्रिड नेशनल लोक अदालत आयोजित 6361 प्रकरणों का किया गया निराकरण



5 जनजाति समाज के वीर योद्धाओं की ऐतिहासिक गौरव गाथा उड़ी प्रोजेक्शन मैपिंग शो के माध्यम से किया जा रहा प्रस्तुत...



7 नेशनल लोक अदालत में सड़क दुर्घटना में मृतक के परिजनों को मिले 1 करोड़ 52 लाख रूपये

## एयरो इंडिया 2023 पीएम नरेन्द्र मोदी बोले

# आज का भारत तेज व दूर की सोचता है-पीएम मोदी

बेंगलुरु/ एजेंसी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज बेंगलुरु के येलहंका वायु सेना स्टेशन में एयरो इंडिया 2023 के 14वें संस्करण का उद्घाटन किया। साथ ही पीएम मोदी ने एयरो इंडिया 2023 पर स्मारक डाक टिकट भी जारी किया। एयरो इंडिया 2023 के 14वें संस्करण में पीएम मोदी ने कहा कि रक्षा एक ऐसा क्षेत्र है, जिसकी तकनीक, मार्केट और सतर्कता को सबसे जटिल माना जाता है। हमारा लक्ष्य है 2024-25 तक इसके निर्यात के आंकड़े को डेढ़ बिलियन से बढ़ाकर 5 बिलियन डॉलर तक ले जाया जाए। पीएम मोदी ने कहा कि अमृतकाल का भारत एक फइटर पायलट की तरह आगे बढ़ रहा है, जिसको ऊंचाइयां छूने से डर नहीं लगता। जो सबसे ऊंची उड़ान भरने के लिए उत्साहित है। आज का भारत तेज सोचता है, दूर की सोचता है और तुरंत फैसले लेता है। पीएम मोदी ने कहा कि 21वीं सदी का नया भारत अब न तो कोई मौका गंवाएगा और न ही मेहनत करने में पीछे रहेगा। हम तैयार हैं। सुधारों की राह पर हम हर क्षेत्र में क्रांति ला रहे हैं। दशकों तक रक्षा का सबसे बड़ा आयातक देश अब 75 देशों को रक्षा उपकरण निर्यात करता है। पीएम मोदी ने कहा कि एयरो इंडिया 2023 न्यू इंडिया की नई सोच को दर्शाता है। एक समय था जब इसे महज एक शो समझा जाता था। पिछले कुछ सालों में देश ने इस धारणा को बदल दिया है। आज यह सिर्फ दिखावा नहीं है, बल्कि भारत की ताकत भी है। यह भारतीय रक्षा उद्योग के दायरे



और आत्मविश्वास पर केंद्रित है। बेंगलुरु में एयरो इंडिया 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बेंगलुरु का आसमान न्यू इंडिया के सामर्थ्य का गवाह बन रहा है। बेंगलुरु का आसमान इस बात की गवाही दे रहा है कि नई ऊंचाई ही नए भारत की सच्चाई है। आज देश नई ऊंचाइयों को छू रहा है और उसे पार भी कर रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि एयरो इंडिया का यह आयोजन भारत के बढ़ते हुए सामर्थ्य का उदाहरण है। इसमें दुनिया की करीब 100 देशों की मौजूदगी होना दिखाता है कि भारत पर पूरे विश्व का विश्वास कितना बढ़ गया है। एयरो इंडिया शो के उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश-विदेश के एग्जिबिटर इसमें अपनी भागीदारी कर रहे हैं। इसने अब तक अपने सारे रिकोर्ड तोड़ दिए हैं। इसमें भारतीय एमएसएमई भी हैं, स्वदेशी स्टार्ट अप भी है और दुनिया की जानी मानी कंपनी भी है। एयरो इंडिया 2023 के 14वें संस्करण में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारे रक्षा क्षेत्र ने कुछ वर्षों में एक लंबी यात्रा तय की है। इस यात्रा में रक्षा क्षेत्र ने सफ्लता के कई पड़ाव पार किए हैं, जो आगे चल कर इस क्षेत्र में मजबूती का स्तंभ बने हैं।

### एयरो शो लगभग 98 देश हुए शामिल

एयरो शो लगभग 35,000 वर्ग मीटर के क्षेत्र में आयोजित किया जा रहा है, यह अब तक का सबसे बड़ा आयोजन होगा। इसमें 98 देश शामिल हुए हैं। एशिया का सबसे बड़ा एयरो शो डिजाइन नेतृत्व में देश की प्रगति, यूएवी क्षेत्र में वृद्धि, रक्षा अंतरिक्ष और भविष्य की प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करेगा। इस कार्यक्रम में 32 देशों के रक्षा मंत्रियों, 29 देशों के वायुसेना प्रमुखों और वैश्विक और भारतीय ओईएम के 73 सीईओ के भाग लेंगे। रिपोर्ट के अनुसार, एमएसएमई और स्टार्ट-अप सहित 809 रक्षा कंपनियां आला प्रौद्योगिकियों में प्रगति और एयरोस्पेस और रक्षा क्षेत्र में वृद्धि का प्रदर्शन करेंगी। इस कार्यक्रम में लगभग पांच लाख दर्शकों के शामिल होने की उम्मीद है और कई लाखों लोग टेलीविजन और इंटरनेट के माध्यम से जुड़ेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी के हाथरस में शादी के जश्न में फायरिंग, चार घायल

**हाथरस।** उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में एक शादी समारोह में हर्ष फायरिंग में चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक एक व्यक्ति ने बारात में फायरिंग शुरू कर दी। इसके बैंड के चार सदस्य तौफीक, फिरोज, पप्पन और साहिल घायल हो गए। चारों पीड़ितों को अलीगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। फायरिंग से कार्यक्रम में भगदड़ भी मच गई। इससे कई महिलाएं और बच्चे घायल हो गए। घटना के बाद पुलिस ने दूल्हे के पिता दिलीप वार्ष्णेय को हिरासत में ले लिया, जबकि आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस अधीक्षक देवेश कुमार पांडे ने कहा, आरोपी की पहचान की जा रही है और मामला दर्ज कर जांच जारी है।

### बीमार पिता को ठेले पर अस्पताल ले गया 6 साल का बच्चा

**भोपाल।** छह साल का बच्चा बीमार पिता को ठेले पर लेकर इलाज के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचा। यह मामला शनिवार को तब सामने आया, जब कुछ लोगों ने लड़के को उसकी मां के साथ ठेले को धकेलते देखा और घटना का वीडियो वायरल कर दिया। यह घटना सिंगरौली जिले के बलियारी कस्बे की है। पीड़ित परिवार एक घंटे से अधिक समय तक एंबुलेंस का इंतजार करता रहा, लेकिन वाहन के आने में देरी के कारण बच्चे को अपने पिता को ठेले पर अस्पताल ले जाना पड़ा। वायरल वीडियो में, टी-शर्ट और नीली डेनिम पहने एक लड़का गाड़ी की गति को नियंत्रित करने की कोशिश करता हुआ दिखाई दे रहा है। वह तीन किलोमीटर तक ठेला लेकर गया। उसकी मां भी ठेले को धक्का दे रही थी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर आने के बाद सिंगरौली जिला प्रशासन ने मामले का संज्ञान लिया और शनिवार शाम को मामले की जांच के आदेश दिए सिंगरौली के अतिरिक्त कलेक्टर डी.पी. बर्मन ने प्रेस से कहा,पता चला है कि एंबुलेंस नहीं मिलने के कारण मरीज को उसकी पत्नी और मासूम बेटे को ठेले पर लेकर अस्पताल ले जाना पड़ा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी और सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया है कि एंबुलेंस उपलब्ध नहीं होने के कारणों का पता लगाया जाए।

### यूपी में ट्रेन की चपेट में आकर 11 गायों की मौत

**संभल।** संभल में किसानों द्वारा छोड़ी गई करीब दो दर्जन लावारिश गायों की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई और कई घायल हो गईं। यह घटना लहरावन गांव के पास हुई। गायों को तेज रफ्तार देहरादून एक्सप्रेस ने टक्कर मार दी। घटना के एक घंटे बाद ट्रेन आगे की यात्रा के लिए रवाना हुई। स्थानीय लोगों ने बताया कि गायें अलीगढ़-मुरादाबाद ट्रैक के पास खेतों में फसलों को नष्ट कर रही थीं और किसानों ने शायद गुस्से में उन्हें रेलवे ट्रैक की ओर हांक दिया। दुर्घटना के बाद दक्षिणपंथी कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया।

## यात्रा के दौरान बाल-बाल बचे मुख्यमंत्री

# सीएम नीतीश कुमार पर कुर्सी का टुकड़ा फेंका

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को बाल-बाल बच गए। औरंगाबाद में भीड़ से एक व्यक्ति ने उन पर टूटी हुई कुर्सी के टुकड़े से हमला कर दिया। टुकड़ा सीएम की तरफतेजी से आया। हालांकि सीएम बच गए। इसके बाद अफ्रातफ्री मच गई। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें घेरे में ले लिया। समाधान यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार औरंगाबाद के बारुण प्रखंड के कंचनपुर पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री को पंचायत भवन का उद्घाटन करना था। यहां पर उद्घाटन के बाद सीएम सुरक्षाकर्मियों के साथ जाने



लगे। इसी दौरान भीड़ में से किसी ने मुख्यमंत्री की तरफ कुर्सी का टुकड़ा फेंका। कुर्सी का टुकड़ा तेजी से सीएम की तरफबढ़ा। वह सीएम के आगे आकर गिरा। सुरक्षाकर्मी सचेत हो गए।




यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के आखिरी दिन लखनऊ में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, बीजेपी सांसद हेमा मालिनी और रवि किशन।

## बाकी 7 आरोपी हुए बरी

# छजलैट विवाद में आजम और अब्दुल्ला दोषी करार

मुरादाबाद। एजेंसी

छजलैट विवाद में सपा नेता आजम खान और अब्दुल्ला आजम को एमपी एमएलए कोर्ट ने दोषी करार दिया है। इसके साथ ही इस मामले में आरोपित सात आरोपितों को कोर्ट ने बरी कर दिया गया। साल 2008 में छजलैट थाना क्षेत्र में कार चेकिंग करने के विरोध में आजम खान और उनके समर्थकों ने रोड जाम करके विरोध प्रदर्शन किया था। इस मामले में पुलिस ने आजम खान उनके बेटे अब्दुल्लाह आजम, अमरोहा से विधायक महबूब अली, पूर्व



विधायक नईम उल हसन, बिजनौर के नगीना से विधायक मनोज पारस ,डीपी यादव, राजेश यादव, पूर्व विधायक हाजी इकराम कुरैशी व राजकुमार प्रजापति को बरी कर दिया है। हालांकि अभी कोर्ट ने सजा नहीं सुनाई है।

## टीएमसी नेता बाबुल सुप्रियो को चेस्ट पेन

# अस्पताल में एडमिट कराया गया ईसीजी रिपोर्ट में गड़बड़ी पाई गई

कोलकाता/ एजेंसी

बंगाल के मंत्री और तृणमूल कांग्रेस नेता बाबुल सुप्रियो को सीने में दर्द की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्हें रविवार रात से ही चेस्ट पेन हो रहा था। कोलकाता के वुडलैंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने कहा कि बाबुल सुप्रियो के ईसीजी में बहुत हल्का चेंज देखने को मिला है, जबकि इकोकार्डियोग्राफी नॉर्मल लिमिट में रहा। इसके बाद उनकी एंजियोग्राफी की गई, जिसमें माइनर कोरोनरी आर्टरी डिसीज सामने आया। डॉक्टरों का कहना है कि उनके इलाज में ऑपरेशन की जरूरत नहीं पड़ेगी,



वे दवाओं से ठीक हो जाएंगे। उन्हें आज ही डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। बाबुल सुप्रियो 90 के दशक के जाने माने सिंगर रहे हैं। सिंगिंग में करियर बनाने के बाद उन्होंने पॉलिटिक्स जॉइन कर ली। पिछले ही साल उन्होंने बीजेपी की सदस्यता से इस्तीफा दिया और ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए। फिलहाल वो बंगाल सरकार में इन्फॉर्मेशन एंड टूरिज्म मिनिस्टर हैं। सिंगिंग करियर की बात करें तो उन्होंने कई आईकॉनिक गाने गाए हैं। उनकी तुलना एक समय पर कुमार सानू से होती थी। उन्होंने 90 के दशक में हिंदी सिनेमा में प्ले बैक सिंगर के रूप में अपना करियर बनाया। खास तौर पर हिंदी, बंगाली और उड़िया भाषाओं में गाया। हालांकि उन्होंने अपने करियर में 11 अन्य भाषाओं में भी सिंगिंग की है। उन्होंने कई इंटर-स्कूल और इंटर-कॉलेज म्यूजिक कॉम्पिटिशन जीते। वे ऑल इंडिया रेडियो और दूरदर्शन में भी परफॉर्मर रहे।

### चरण सिंह की जयंती पर रालोद का समरसता अभियान


**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) पार्टी के संस्थापक स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की जयंती सप्ताह भर चलने वाले समरसता अभियान के साथ मनाएगा। प्रचार अभियान रविवार को मथुरा से शुरू होगा, जहां रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी एक सभा को संबोधित करेंगे। रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने कहा कि पार्टी योगी आदित्यनाथ सरकार की विफलताओं पर ध्यान केंद्रित करेगी, जो राजनीतिक लाभ के लिए समुदायों के बीच नफरत को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा, पार्टी के नेता ग्रामीण इलाकों में जाएंगे और लोगों से आग्रह करेंगे कि वे सत्ताधारी पार्टी के गेम प्लान का मोहरा न बनें। हमारे नेता अभियान के दौरान 1,500 गांवों का दौरा करेंगे।

## सुको से बीजेपी को झटका

# एमसीडी मेयर चुनाव में मनोनीत पार्षद नहीं डाल पाएंगे वोट.......

नई दिल्ली। एजेंसी

दिल्ली नगर निगम के मेयर चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट से भाजपा को झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा संविधान में स्पष्ट है कि मनोनीत पार्षद (एल्डरमैन) मेयर चुनाव में वोट नहीं डाल सकते हैं। साथ ही 16 फरवरी को होने वाले दिल्ली मेयर का चुनाव भी टल गया है। उपराज्यपाल की तरफ से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल संजय जैन ने कहा मामले में विस्तृत सुनवाई होनी चहिए। सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई 17 फरवरी को होगी। दिल्ली मेयर चुनाव मामले में आम



आदमी पार्टी की ओर से दिल्ली मेयर की उम्मीदवार शैली ओबेरॉय ने सुप्रीम कोर्ट ने याचिका दायर की थी। जिसमें उन्होंने कहा कि एमसीडी मेयर चुवाव में मनोनीत पार्षद वोट नहीं कर सकते हैं। इसी मामले में मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने सुनवाई करते हुए कहा कि संविधान के प्रविधान के अनुसार, मनोनीत सदस्य महापौर और उपमहापौर चुनाव के लिए वोट नहीं कर सकते हैं। मामले में अगली सुनवाई 17 फरवरी को होगी। एलजी कार्यालय की ओर से एएसजी संजय जैन ने कहा कि दिल्ली मेयर का चुनाव भी 17 फरवरी की सुनवाई के बाद की तारीख के लिए स्थगित कर दिया है। शीर्ष अदालत ने आठ फरवरी को शैली ओबेरॉय की याचिका पर उपराज्यपाल कार्यालय, दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के प्रोटेम पीठासीन अधिकारी सत्या शर्मा और अन्य से जवाब मांगा था।

## तुर्किए में आए भूकंप के बाद मौत को दी मात

# 178 घंटे बाद छह साल की बच्ची को किया रेस्क्यू...

तुर्किये, रायटर्स। एजेंसी

6 फरवरी को तुर्किए और सीरिया में आए विनाशकारी भूकंप में अब तक 33 हजार से अधिक लोगों के मौत की खबर सामने आ चुकी है। वहीं, बचाव कर्मी लगातार लोगों को बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे हैं। आपदा के कई दिनों बाद भी लोगों को मलबे में से जिंदा निकाला जा रहा है। कई लोगों के लिए ये किसी चमत्कार से कम नहीं है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, आपदा के 178 घंटे बाद दक्षिणी तुर्की के अदियामन शहर में मलबे से मिरे नाम की एक छोटी बच्ची को सही-सलामत बाहर निकाला गया है। जानकारी के मुताबिक, उस बच्ची की उम्र मात्र छह साल है। इस बच्ची की बड़ी बहन भी साथ ही मलबे में फंसी है, जिसकी तलाश जारी है। बचाव कर्मियों ने विनाशकारी भूकंप के 128 घंटे बाद मलबे से दो माह की एक मासूम-सी जिंदगी को सुरक्षित बाहर निकाला। इस बच्ची को देखकर कई लोगों के चेहरे पर चमक आ गई। इस बच्ची का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पहले वायरल हो रहे वीडियो में बच्ची धूल और मिट्टी में लपटी हुई थी, वहीं बाद में जो वीडियो सामने आया, उसमें बच्ची को साफ-सुथरा कर दिया गया था। बच्ची वीडियो में हंसती-खेलती नजर आ रही थी। तुर्किये के मदद के लिए भारत से एनडीआरएफकी टीम को भेजा गया है। इस टीम में रोमियो और जूली नाम के दो जांबाज हीरो भी भेजे गए हैं। दरअसल, बचाव कार्य में एनडीआरएफके ये दोनों



कुत्ते भी बेहद अहम भूमिका निभा रहे हैं। इन्होंने मलबे के अंदर दबी छह साल की बच्ची का पता लगाया। दरअसल, बताया जा रहा है कि जूली उस बच्ची को देखकर भौंकने लगा और जब वहां से टीम ने मलबा हटाया तो, वहां मासूम को पाया। बताया जा रहा है कि इस बच्ची का नाम बेरेन है। भूकंप के इतने दिन बाद भी मलबे से लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जा रहा है। हालांकि, माना जा रहा है कि अभी मौत का आंकड़ा बढ़ सकता है, लेकिन तब भी वहां के स्थानीय लोग इस उम्मीद में हैं कि उनके परिवार का जो सदस्य अब तक रेस्क्यू नहीं किया गया है, उसे सही-सलामत बाहर निकाल लिया जाएगा। संभावना है कि अधिक दूरस्थ इलाकों में भी अधिक लोग जीवित बचे होंगे। नाम के एक यूजर ने इस छोटे से वीडियो को ट्विटर पर शेयर करते हुए लिखा, और यह रहा दिन का हीरो! एक बच्ची जिसे भूकंप के 128 घंटे बाद बचाया गया। नहाने नहाने और स्वादिष्ट दोपहर के भोजन के बाद संतुष्ट है। इस वीडियो को 12 फरवरी को ट्विटर पर शेयर किया गया था। इस वीडियो को अब तक करीब 20 लाख से अधिक लोग देख चुके हैं। 39ट्र लाइक्स के साथ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस वायरल वीडियो पर लोग लगातार अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

### मलबे से महिला को निकाला गया जीवित

तुर्किये में आए भूकंप के एक हफ्ते बाद बचावकर्मियों ने सोमवार को एक ढह चुकी इमारत के मलबे से एक और महिला को जीवित निकाला। ब्रॉडकास्टर सीएनएन तुर्क ने रिपोर्ट में कहा कि 40 साल की सिबेल काया को दक्षिणी गजियांटेप प्रांत में बचाया गया था। इस क्षेत्र में पहले दो भूकंपों के लगभग 170 घंटे बाद महिला को जिंदा बचा लेना किसी चमत्कार से कम नहीं है। हालांकि कहारन मारस में बचावकर्मियों ने एक इमारत के खंडहर में तीन जीवित बचे लोगों से भी संपर्क किया था, जिनके बारे में माना जाता है कि वे एक मां, बेटी और बच्चे थे। संभावना है कि अधिक दूरस्थ इलाकों में भी अधिक लोग जीवित बचे होंगे।



# फीलिंग्स को दर्शाने में खास भूमिका निभाते हैं गिफ्ट्स

**अपनी फीलिंग्स को दर्शाने, किसी रूठे हुए को मनाने या फिर किसी को खुश करने में गिफ्ट्स बहुत ही खास भूमिका निभाते हैं। हर खास मौके पर गिफ्ट्स देने का चलन सदियों पुराना है। हर साल इन खास मौकों के लिए बाजार कई तरह के गिफ्ट्स से सज जाता है। किसी भी उपहार का महत्व तब और बढ़ जाता है जब वह व्यक्ति के स्वभाव एवं उसकी आयु के अनुरूप हो। वेलेंटाइन डे के लिए भी बाजार कई सुंदर और आकर्षक उपहारों से सज चुका है। उपहार देने के लिए बाजार में एक से बढ़कर एक विकल्प मौजूद हैं। ये उपहार आपको सभी की उम्र के हिसाब से मिल जाएंगे। इस बार मार्केट में क्या खास है और उनकी क्या विशेषताएं हैं, पेश है उस पर एक खास रिपोर्ट।**

## टेडी बियर

**कीमत –350 रुपए से लेकर 5 हजार तक**

इस साल आप वेलेंटाइन डे पर किसी को उपहार देने के बारे में सोच रहे हैं तो मार्केट में म्यूजिकल टेडी बियर है। खासियत यह है कि इस टेडी को दबाने पर इसमें से आई




लव यू का म्यूजिक बजेगा और इसमें लगा पंखा आई लव यू को प्रदर्शित करेगा।

## ज्वेलरी बॉक्स

**कीमत – 999 रुपए से लेकर 2 हजार तक**

इस साल ज्वेलरी बॉक्स कई सारी वैरायटी और डिजाइनों में छाए हुए हैं। इसमें आपको हार्ट, सोफा सेट, बेड सेट के आकार देखने को मिल सकते हैं। कई कलर्स के साथ इसका लुक भी खूबसूरत डिजाइन किया हुआ है।

## कपल शो पीस

**कीमत – 499 रुपए से लेकर 1500 तक**

इस खूबसूरत शो पीस की बनावट आपको एक बार देखने के बाद खरीदने पर मजबूर कर देगी। वेलेंटाइन डे पर यह सबसे यूनिक पीस है। आप अपने पति या पत्नी को उपहार देने का विचार कर रहे हैं तो इस शो पीस को चुनना सही रहेगा।

## हैंगिंग स्क्रोलर

**कीमत – 99 रुपए से लेकर 149 तक**

इसे शाही फरमान की तरह आप कहीं भी लगा सकते हैं। इसमें तरह-तरह के कोटेशन दिए हुए हैं जो काफी प्रभावित भी करते हैं। इस साल का यूनिक उपहार कह सकते हैं। इस बार युवा वर्ग इस स्क्रोलर को काफी पसंद भी कर रहा है।

## लव बेल

**कीमत – 700 रुपए से लेकर 2 हजार तक**

आप उपहार में कुछ हटकर देना चाहते हैं तो लव बेल उपयुक्त है। यह तीन डिजाइन में है। एक डिजाइन में बेल के साथ एंजिल को लगाया गया है तो दूसरी डिजाइन में बेल के साथ हार्ट शेप लगा हुआ है। इसकी आवाज भी बहुत ही कर्णप्रिय है।

## गेम ऑफ लव

**कीमत - 345 रुपए से लेकर 399 रुपए तक**

इस ग्रीटिंग कार्ड में सांप और सीढ़ी की तरह गेम दिया है। कार्ड बड़ा होने के साथ-साथ इसमें सुंदर कोटेशन आप को देखने को मिल सकते हैं। इसके अलावा बुके कार्ड्स एक से बढ़कर एक आए हैं जो बुके डिजाइन में तैयार किए हुए हैं।

## ज्वेलरी कार्ड

**कीमत - 795 रुपए से लेकर 1 हजार रुपए तक**

यह ऐसा कार्ड है जिसमें कार्ड के अंदर ज्वेलरी भी दी हुई है। वहीं हिन्दी कार्ड्स के चाहने वालों का क्रेज कम नहीं है। हिन्दी कार्ड्स को लेना भी पसंद कर रहे हैं।

## मैसेज कैप्सूल्स

**कीमत - 200 रुपए**

इस साल मार्केट में एक अलग तरह का गिफ्ट आया हुआ है और वह है मैजेस कैप्सूल्स। इसमें एक बॉटल में आपको कई कैप्सूल्स मिलेंगे और हर कैप्सूल्स के अंदर है एक पर्ची जिसमें है आप अपने प्रिय से जो भी कुछ कहना चाहते हैं वह लिखकर वेलेंटाइन डे पर भेंट करें। हर एक कैप्सूल में उनके लिए होगा एक खास संदेश जो बयां करेगा आपके दिल का हाल। इस वेलेंटाइन यह अपने प्रिय तक दिल की बात पहुंचाने का एक बढ़ि ?या तरीका हो सकता है।

चित्र सौजन्य : कोहेफिजा गिफ्ट गैलेरी

## रोज चॉकलेट बंच

**कीमत - 150 रुपए से लेकर 300 रुपए तक**

इस बार मार्केट में एक खास किस्म का गिफ्ट आया है इसमें रेड रोज के बीच में चॉकलेट है। जिसे आप इस वेलेंटाइन डे पर अपने खास को दे सकते हैं। यह रोज चॉकलेट बंच आपके दिल की बात के साथ-साथ आपके रिश्ते में मिठास भी घोलेगा तो है न यह एक बेहतरीन गिफ्ट।

## हार्ट शेप्ड सॉफ्ट टॉय

**कीमत - 100 रुपए से 2 हजार तक**

हार्ट शेप्ड सॉफ्ट टॉय तो वेलेंटाइन डे पर और अन्य मौकों पर अपने प्यार को देने के लिए सदाबहार गिफ्ट है। इस साल मार्केट में इनकी काफी सारी और सुंदर वैरायटी मौजूद है। आर्चीस पर एक खास किस्म का हार्ट शेप्ड गिफ्ट आया है। जिसमें हार्ट को ओपन करने पर उसके बीच एक छोटा सा टेडीबियर है। इस गिफ्ट को काफी पसंद किया जा रहा है।

## उपहार के साथ चॉकलेट



कार्ड्स हो या फिर गिफ्ट हो उसके साथ मीठा न दें तो उपहार अधूरा सा लगता है। युवा उपहार के साथ चॉकलेट जरूर देते हैं ताकि सामने वाले पर अलग तरह का प्रभाव पड़े। मार्केट में कई तरह की वैरायटी की चॉकलेट आई हैं। बाजार में मलेशियन और इंडियन चॉकलेट मौजूद हैं। इन सबके अलावा वेलेंटाइन डे के लिए स्पेशल टेडीज गिफ्ट, कपल कीरिंग्स, क्रिस्टल कोटेशन, क्रिस्टल रोजेस, कोटेशन्स, लव शो पीस भी मार्केट में मौजूद हैं।



**प्यार का दिन, प्यार के इजहार का दिन. अपने जज्बातों को शब्दों में बयां करने के लिए शायद इस दिन का हर धड़कते हुए दिल को बेसब्री से इंतजार होता है. हम बात कर रहे हैं प्यार के परवानों के दिन की यानी 'वेलेंटाइन-डे' की. 14 फरवरी को मनाए जाने वाले इस दिन को विभिन्न देशों में अलग अंदाज और विश्वास के साथ मनाया जाता है. जहां चीन में यह दिन 'नाइट्स ऑफ सेवेन्स' के नाम से मनाया जाता है, वहीं जापान और कोरिया में इस दिन को वाइट डे का नाम से जाना जाता है.**

# जज्बातों को शब्दों में बयां करने का दिन वेलेंटाइन डे

खुदा जब इश्क की इबारत लिखने बैठा तो थोड़ी देर बाद ही अधूरा छोड़कर उठ बैठा। इसके अहसास को शिद्दत से महसूस करने के लिए ही इसका अधूरापन बहुत जरूरी है। खुदा ने यह जान-बूझकर अधूरा छोड़ा क्योंकि इसे पूरा कर देता तो इंसान को किसी चीज की जरूरत नहीं होती। कभी सोचा है कि क्यों किसी को खो देने की टीस किसी को पा लेने से खुशी से ज्यादा असर रखती है? हर किसी की जिंदगी में किसी को पा लेने की तीव्र उत्कंठा होती है, जो मंजिल तक नहीं पहुंच पाने के दर्द की शक्ल में हमेशा जिंदा रहती है। चाहे कुछ भी हो, प्रेम आपके अंतर्मन को नई परिभाषा देता है।




राधा और कृष्ण के नाम एक ही पन्नो पर लिखे हैं। फर्क बस इतना है कि दोनों एक-दूसरे के पीछे लिखे हैं। साथ भी हैं, जुदा भी नहीं और जुदा भी। ठीक ऐसी ही है इश्क की कायनात जिसमें आप जिसे खो देते हैं वह आपके जहनो-दिल में ऐसा बस जाता है कि आप उसके साथ भी हैं और जुदा भी। इस अधूरी मोहब्बत ने ही हमें गालिब, फराज, साहिर, फिराक जैसे अजीम शायर दिए हैं। उनके लफ्जों में इश्क के मायने और निखरकर आते हैं। हमेशा किसी की हां से या किसी के पहलू में जिंदगी गुजारने से ही इश्क पूरा नहीं होता। इश्क होने से पहले क्या इस बात की शर्त रखी जाती है कि आप जिसे चाहें वह ताउम्र आपके पास रहे? क्या साथ रहना भी पास रहने जितना अहम नहीं है? शायद है, क्योंकि आपको उस शख्स से अहसासों का जुड़ाव है जो उम्र या फासलों से कभी नहीं मिट पाता। जीवन के हर मोड़ पर जब आप थोड़ी देर रुककर अपने माजी को याद करेंगे तो वह चेहरा आपका पीछा करता नजर आएगा। ऐसा होना आपकी आने वाली जिंदगी पर असर डाले, ऐसा भी नहीं है। वह जो पीछे छूट गया है, उसे आप वापस तो नहीं ला सकते लेकिन उसकी यादें सहेजकर आने वाली जिंदगी में वही रंग भर सकते हैं। यह बात सच है कि अतीत अच्छा हो या बुरा, आगे चलकर दु:ख ही देता है।

अहमद फराज का एक शेर है :

'उस शख्स को बिछड़ने का सलीका भी नहीं,
जाते हुए खुद को मेरे पास छोड़ गया।'

जिंदगी इस इश्क के फलसफे से पूरी हो जाती है लेकिन इश्क कभी खुद पूरा नहीं हो पाता। दिलों को दिलों से जोड़ने वाला यह अनूठा एहसास दिलों में नमी भी भर देता है। हर अफसाना बहुत मीठे दर्द से शुरू होता है लेकिन जरूरी नहीं कि ऐसे एहसास पर ही खत्म हो। कई कहानियां अनचाही चुभती टीस पर खत्म होती हैं। ऐसे में लगता है कि दुनिया में कुछ भी नहीं बचा। सब कुछ खत्म हो गया। लेकिन यहीं से आपकी मोहब्बत आपकी प्रेरणा बन जाती है। आपके सोचने की शक्ति आश्चर्यजनक रूप से बदलने लगती है। यह ऐसा वक्त होता है जब आपके भीतर सब कुछ टूटने लगता है लेकिन आपके अंदर सृजन नई अंगड़ाई लेता है। लेकिन सबसे मुश्किल लम्हा वह होता है जब वक्त की सीढ़ियों पर वह कभी आपको बैठे मिल जाए। तब क्या कीजिएगा, मुंह फेरकर चले जाइएगा या मुलाकात कीजिएगा? उनकी दहलीज पर न जाने की कसम तो आपने खाई ही होगी लेकिन अगर राह में ही टक्कर हो जाए तो क्या कीजिए? भले ही दोनों के बीच वक्त और हालात बहुत फासला बना देते हैं लेकिन एक-दूसरे को आप दोनों ने कभी भुलाया ही नहीं। यादों में जिंदा शक्लें ख्वाबों के दरीचों में जब-तब उभर आती हैं। आंखों से समंदर फूट पड़ता है। कदम पीछे जाने को बेताब होते हैं लेकिन उसका कोई रास्ता ही नहीं होता। उसे भूलने के बहाने बार-बार याद करते हैं।

'मुद्दतें गुजरी, तेरी याद भी आई ना हमें,
और हम भूल गए हों तुझे, ऐसा भी नहीं.।'

इश्क वह मुकद्दस जज्बा है जिसमें डूबकर ही उसे समझा जा सकता है। किनारे बैठकर इसकी गहराई का अंदाजा नहीं लगा सकते। हर किसी की जिंदगी में ऐसा मौका आता है जब आपकी मोहब्बत उजड़ जाती है लेकिन यह अंत नहीं होता। यहां से आपकी नई यात्रा शुरू होती है। आपके अंतर की यात्रा, जिसमें आपको खुद को खोजना और पाना होता है। बिछड़े हुए साथी की याद को दिल में दफन करने की कोशिश सभी करते हैं लेकिन ऐसा कभी मुमकिन नहीं होता। और इसे गम की तरह लेने की जरूरत ही नहीं। ऐसी स्थिति में यह सोचें कि आप कितने खुशकिस्मत हैं कि खुदा ने इश्क की नेमत आप पर बरसाई है। इतने खूबसूरत एहसास से आपको तरबतर किया है। जब भी माजी की यादों में खोएंगे तो हमेशा कुछ न कुछ जरूर पाएंगे। यह बेवजह जाया नहीं हुआ है।

# हमेशा याद रहता है पहला वेलेंटाइन डे

पहला वेलेंटाइन डे हमेशा याद रहता है और जीवन की दिशा भी तय करता है। इस दिन लड़का और लड़की दोनों की धड़कनें तेज हो जाती हैं, लड़का जहां कैसे कहूं की उलझन से जूझता रहता है लड़की रिश्ते की नईदुनिया में प्रवेश करने से पहले हिचक भी रही है साथ ही कदम भी पीछे नहीं हटाना चाहती। वेलेंटाइन डे और दीपावली की खुशियाँ एक दूसरे से जुदा हैं यह समझने में वक्त लगता है। रिश्ते में आगे बढ़ते समय दोनों में से कोई एक भी जल्दबाजी दिखा दे तो जीवन भर के लिए गलतफहमियाँ हो जाती हैं। कमिट करने से पहले ठंडे दिमाग से जरूर सोचें फिर आगे बढ़ें। यहां पढ़िए कि इस दिन आपको क्या नहीं करना है।



## आई लव यू कहने में थोड़ा वक्त लगाएं

इसमें शक नहीं कि जो बात आपने अपने स्वीटहार्ट को वेलेंटाइटाइन डे पर कहने के लिए सुरक्षित रखी थी, उसे कहने के लिए आप उतावली हो रही हैं लेकिन पहली बार में ही आई लव यू कह कर कमिट करना समझदारी नहीं है। यह दिन आपको एक दूसरे की भावनाओं को स्वीकार करने और उसे सेलिब्रेट करने का अवसर देता है। सच यह है कि इतनी बड़ी बात तब कहें जब यह दिल की गहराईयों से अपने आप निकल कर आए। आपका पार्टनर भी आपको प्यार करता है या नहीं यह सुनिश्चित करने के बाद ही कहें। यकीन जानिए कि आप प्यार में कितनी ही अंधी क्यों न हो जाएं लेकिन आपके अंदर जो छठी इंद्रीय है वह आपको सावधान करती रहेगी कि प्यार सच्चा है या झूठा। प्यार की अभिव्यक्ति के लिए सुरक्षित इस दिन किया गया कमिटमेंट ज्यादा ड्रामाई होकर मुंह के बल औंधा गिर भी सकता है। इसलिए इस अभिव्यक्ति को सही लम्हे के सामने आने तक इंतजार करें।

## मुझे तुमसे बात करना है

हमने ऐसे हजारों किस्से सुनें है जब दो प्रेमी आपस में भविष्य की 'बात' करने बैठते हैं तो बात बहस में तब्दील हो जाती है और कई बार हमेशा के लिए ब्रेकअप भी हो जाता है। किसी गलत समय पर उठाई गई महत्वपूर्ण बात खोखली नजर आती है। इसलिए अपनी रिलेशनशिप का भविष्य तय करने जितनी गंभीर बात किसी और दिन पर टाल दें। वेलेंटाइन डे इसके लिए उचित दिन नहीं है।

हम सभी यह जानते हैं कि वेलेंटाइन डे का सबसे बड़ा फायदा गिफ्ट आइटम या कार्ड बेचने वालों को होता है, हम यह भी जानते हैं कि प्यार जैसी पवित्र भावना की अभिव्यक्ति साल भर में किसी खास दिन की मोहताज नहीं है। इसका सेलिब्रेशन सारे साल किसी भी दिन मनाया जा सकता है। इसके बावजूद वेलेंटाइन डे का अपना महत्व है इसलिए कभी पार्टनर को इस खास दिन पर यह नहीं कहें कि मैं वैलेंटाइन डे की परवाह नहीं करता। यह दिन अपनी रिलेशनशिप की परीक्षा लेने का नहीं है।

## मेरा तो मूड ऑफ हो गया

इस दिन आपकी आपेक्षाएं बहुत अधिक होती हैं, पहले से प्लान भी बनाए होते हैं। इनमें जरा सी भी गड़बड़ हो तो मूड ऑफ होना स्वाभाविक है लेकिन यहीं आपके धीरज की परीक्षा होती है। जिस रेस्तराँ में आपने वेलेंटाइन डे मनाने का रिजर्वेशन कराया है वह किसी कारण रद्द भी हो सकता है। आपके मन माफिक डिश नहीं हुई या सर्विस लेट हुई तो आप अपने आपको पार्टनर के साथ में अपमानित महसूस करने लगते हैं। याद रखिए कि यह दिन भी दूसरे दिनों की तरह एक सामान्य दिन है। वेटर या रेस्तराँ मैनेजर से झगड़ा करते समय आपका रौद्ररूप देखकर पार्टनर आपसे हमेशा के लिए विमुख भी हो सकती है। यह एक खास दिन है लेकिन किसी की गलती को बहुत दिल पर न लें। पूरी शाम कुढ़ते हुए या गालियां बकते हुए खराब न करें। याद रखिए कि प्लान 'ए' फेल हो जाते दो प्लान 'बी' पर जाने के लिए हमेशा गुंजाइश रहती है। क्या आज आप डेट पर चलने के लिए फ्री हैं? यह दिन डेट पर जाने के लिए नहीं होता। खासतौर पर पहले वेलेंटाइन डे पर पार्टनर से डेट पर चलने का आग्रह न करें।



वेलेंटाइन डे की पार्टी में अक्सर ऐसे कपल अधिक होते हैं जो पहले से एक दूसरे को जानते हैं और कुछ समय एक दूसरे के साथ बिता चुके हैं। उनसे घिरे आप भी सोचते हैं कि क्या मुझे भी अपने पार्टनर को कुछ लिबर्टी देना चाहिए। दूसरों के देखकर आप भी प्रेरित होते हैं लेकिन यही समय दिमाग ठिकाने पर रखने का होता है। दूसरों को देखकर होश न खो दें, रिलेशनशिप को पकने के लिए थोड़ा समय दें। यकीन जानिए आप वेलेंटाइन डे का बुखार उतरने के बाद दूसरे दिन ज्यादा खुश उठेंगी क्योंकि आपने संयम रखा और भावना के बहाव पर लगाम कसे रखी।

# वेलेंटाइंस डे प्यार का हसीन दिन

रिश्तों को नए रूप में देखने का समय आ गया है। अब केवल सुंदरता और सज-धज के बल पर रिश्तों में निकटता व गर्माहट नहीं आती है। रिश्तों को प्रगाढ़ करने के लिए रिझाने के अलावा एक-दूसरे को अपनी बुद्धि और वफादारी का सबूत भी देना पड़ता है। जहीन साथी सामने वाले साथी को जितनी खुशी दे पाता है उतनी खुशी केवल माटी की मूरत बना साथी नहीं दे सकता है। जो सचमुच जहीन होता है, वह अपने साथी की पसंद भांपकर उसके अनुरूप खुद को ढालता है और अपने साथी को सच्ची खुशी देना चाहता है। दूसरे साथी को बांधे रखने के लिए समय के अनुसार स्मार्ट दिखना और जीवन में काम आने वाली जानकारी से समृद्ध होना ज्यादा अहम हो गया है। पुरुष व महिला, दोनों की भूमिका ही बदलती जा रही है। आजकल केवल कमाई के दम पर नहीं बल्कि दोस्ताना व्यवहार करने वाले और संवेदनशील पुरुष ही महिला साथी का दिल जीत पाते हैं। महिलाएं भी केवल चूल्हा-चौका संभालकर और सुंदर चेहरे से पुरुष को सदा प्रेम में बांधे नहीं रह सकती हैं। उन्हें भी एक जहीन दिमाग और साथी को संबल व अपनी शक्ति का भरोसा दिलाने की जरूरत है।

इस वैलेंटाइंस डे के अवसर पर हर जोड़े को चाहिए कि वे अपने व्यक्तित्व को संपूर्णता देने पर अधिक ध्यान दें। साथी को खुश रखने और वश में रखने का यही सही तरीका है। अब प्रेम के मायने शारीरिक आकर्षण से बहुत आगे बढ़ गए हैं। जो प्यार केवल आकर्षण पर आधारित हो वहां बेवफाई का डर अधिक बना रहता है पर जिस प्रेम में मन और दिमाग भी शामिल हो वहां उसका वजूद आसानी से नहीं मिटता है। ऐसे प्रेम में आकर्षण के अनेक पहलू शामिल होते हैं।

व्यवहार-कुशलता, समझदारी, वफादारी, मासूमियत, ईमानदारी, भलाई व समर्पण से भरे रिश्ते व प्यार को आसानी से तोड़ा या भुलाया नहीं जा सकता है। प्यार करने वालों को अपने प्रेम की ऐसी ही नींव डालनी चाहिए। जो जोड़े या साथी प्रेम में तात्कालिकता को तरजीह देते हैं उनका प्रेम पानी के बुलबुले की तरह समाप्त हो जाता है। प्रेम सही अर्थ में तब सार्थक होता है जब दोनों साथी एक-दूसरे के व्यक्तित्व को संपूर्णता दें। एक-दूसरे की कमियों को पाटने में मदद करें। एक-दूसरे के लिए बेहतर सोचना ही सबसे बड़ा अपनापन का सबूत है। जब दो समझदार लोग जुड़ते हैं तो उनका व्यक्तित्व दिन ब दिन निखरता जाता है। एक-दूसरे के प्रति शंकाएं समाप्त होती जाती हैं और विश्वास का स्तर बढ़ता जाता है। प्यार के पक्के और मजबूत होने का यही पैमाना है। न जाने कितने ही लोग किसी को पसंद करते हैं पर प्यार के इजहार की हिम्मत नहीं जुटा पाते हैं। ऐसे तमाम लोगों के लिए वैलेंटाइंस डे एक अच्छा मौका है। कोई भी इस अवसर पर अपनी दोस्ती की बात सभ्य अंदाज में बयान कर सकता है।

इस अवसर पर दोस्ती का इजहार करना खास मायने रखता है। इसमें पसंद करने या प्रेम करने जैसे शब्द के बिना भी केवल मित्रता लफ्ज का इस्तेमाल कर अपनी बात रख सकता है। सामने वाला इसका भीतरी अर्थ प्रेम का संदेश समझते हुए भी ज्यादा खफा नहीं हो पाएगा। यदि वह इनकार करता या करती है तब भी अधिक बुरा नहीं मानना चाहिए और न ही इससे ज्यादा बेइज्जती होगी। अगर किसी ने आपकी दोस्ती को कबूल कर लिया तो उसके परवान चढ़ने की पूरी गुंजाइश बनती है। इस प्रकार नया रिश्ता शुरू करने और किसी रिश्ते को दीर्घकालिक रूप देने के लिए वेलेंटाइंस डे का अवसर बेहतरीन हो सकता है। इस समय का खूब फायदा उठाइए और साथी के दिल में नया उमंग पैदा कीजिए।



संकलनकर्ता
स्वदेश तिवारी
स्थानीय संपादक

## ब्रेकिंग न्यूज

### पर्सनल असिस्टेंट एस के सारथी बलात्कार के मामले में जेल दाखिल

**कोरबा।** एसईसीएल की कुसमुंडा परियोजना में पदस्थ एरिया पर्सनल मैनेजर के पर्सनल असिस्टेंट एसके सारथी को बलात्कार के मामले में जेल भेजा गया है। अनाचार के आरोपी एसके सारथी के विरुद्ध रायगढ़ पुलिस ने गिरफ्तारी और जेल भेजने की कार्यवाही की है। कोतरा रोड थाना में पदस्थ एसआई गिरधारी साव ने बताया कि यह घटना 5 फरवरी 2023 की है। उक्त एसईसीएल कर्मचारी संतोष कुमार सारथी, पीड़िता और उसका पति किसी काम से एक साथ रायगढ़ आये थे। वहां से तीनों वापस कोरबा लौट रहे थे कि पति किसी काम से रास्ते में उतर गया और पत्नी को घर तक छोड़ने के लिए संतोष के साथ भरोसे में भेज दिया। पीड़िता का आरोप है कि संतोष सारथी ने रास्ते में सुनसान जगह पर जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म को अंजाम दिया। कोतरा रोड थाना में पीड़िता ने 7 फरवरी को मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। संतोष कुमार सारथी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 72/23 पर धारा 376,506 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस आरोपी की तलाश में रायगढ़ से कुसमुंडा पहुंची थी।

कुसमुंडा पुलिस के सहयोग से आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए उसके निवास व अन्य स्थानों पर दबिश दी गई। एफआईआर दर्ज होने के बाद से फरार संतोष ने 9 फरवरी को रायगढ़ पहुंचकर समर्पण कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कराया है।

### टाइगर रिजर्व में नन्हें हाथी का जन्म

**बिलासपुर।** अचानकमार टाइगर रिजर्व के सिहावल सागर स्थित कैंप में हथनी लाली ने एक नर शावक को जन्म दिया है। इस नन्हे मेहमान के आने से कैंप में हाथियों का कुनबा बढ़कर चार हो गया है। नर शावक पूरी तरह स्वस्थ है और चिकित्सकों के द्वारा उसकी जांच की जा रही है।

सिहावल सागर अचानकमार रेंज के अंतर्गत आता है। यही हाथियों का एक कैंप बनाया गया है। शावक राजू हाथी व लाली की संतान है। टाइगर रिजर्व प्रबंधन को जिस दिन लाली के गर्भ से होने की जानकारी मिली थी, उसके बाद से ही प्रबंधन के द्वारा बेहतर आहार व जरूरी चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही थी। इसके अलावा हाथियों की देखभाल करने वाले महावत को भी स्पष्ट निर्देश दिया गया था कि हर दिन हथनी की गतिविधियों की जानकारी अधिकारियों को उपलब्ध कराए।

इसी के तहत महावत ने दो दिन पहले लाली को प्रसव पीड़ा होने की जानकारी दी। जिसके बाद टाइगर रिजर्व के अधिकारी व चिकित्सकों की टीम मौके पर पहुंची। थोड़ी ही देर बाद लाली ने इस नर शावक को जन्म दिया। चिकित्सकों के अनुसार वह पूरी तरह स्वस्थ है और पूरे समय अपनी मां लाली के साथ ही रहता है।

### ड्राइवर ने आम के पेड़ पर किया सुसाइड, लटकती मिली लाश

**बिलासपुर।** पेड़ पर फांसी के फंदे पर युवक की लाश लटकती मिली है. घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है. फिलहाल आत्महत्या की वजह सामने नहीं आई है. रतनपुर पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है. जानकारी के अनुसार, रतनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सीस रमदेई निवासी जागेश्वर सूर्यवंशी खाना खाकर घर से काम पर जाने की बात कहकर निकला था. युवक ने घर से कुछ दूर स्थित एक आम के पेड़ में गमछे से फंदा बनाकर जान दी है. आत्महत्या की वजह अज्ञात बताई जा रही है. रतनपुर पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुटी गई है. युवक ने पेशे से ड्राइवर था।

### जिले में नेशनल लोक अदालत का हुआ आयोजन

**सूरजपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के दिशा निर्देशन में 11 फरवरी 2023 को जिला एवं सत्र न्यायालय सूरजपुर, कुटुम्ब न्यायालय सूरजपुर, तालुका न्यायालय प्रतापपुर एवं समस्त राजस्व न्यायालयों में हाईब्रीड नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला न्यायालय सूरजपुर के सभा कक्ष से जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सूरजपुर गोविन्द नारायण जांगड़े. व अधिकारीगण द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। लोक अदालत में प्रकरण के पक्षकारों को भौतिक रूप से एवं वर्चुअल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग दोनों मुख्य माध्यमों से मामलों में सुलक की सुविधा प्रदान की गई। वहीं इस लोक अदालत में जिला चिकित्सालय सूरजपुर से समन्वय समिति कर चिकित्सा जांच की व्यवस्था कराई गई थी जिसमें 300 से अधिक पक्षकारों ने चिकित्सा सुविधा का लाभ प्राप्त किया हाईब्रीड नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में वर्षों से लंबित आपसी विवाद के मामले, व्यवहार वाद, मोटर दुध टिना दावा, परिवारिक विवाद, जिला न्यायालय में लंबित राजस्व प्रकरणों एवं बैंक ऋण, विद्युत, जल के बकाया देयकों का प्री लिटिगेशन यातायात के सामान्य मामलों को नेशनल लोक अदालत में रखा गया। लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण हेतु जिले में कुल 29 खण्डपीठ गठित किये गये थे। हाईब्रीड नेशनल लोक अदालत में समस्त न्यायालयों से 642 लंबित प्रकरण एवं 6281 प्री-लिटिगेशन प्रकरण विचारार्थ में रखे गये थे। जिसमें कुल 1140 प्रकरण के पक्षकारों में आपसी समझौते के आधार पर सफलतापूर्वक निराकरण कर कुल 22738990/- रूपये का जिला सूरजपुर द्वारा अवार्ड पारित किया गया।

# जिले में हाईब्रिड नेशनल लोक अदालत आयोजित 6361 प्रकरणों का किया गया निराकरण

**कोरबा।** जिले में वर्ष 2023 के पहले हाईब्रिड नेशनल लोक अदालतों का जिला मुख्यालय व तहसील स्तर पर आयोजन किया गया, जिनमें आपसी समझौते के आधार पर 6361 प्रकरणों का निराकरण किया गया। न्यायालयों में कुल 10 हजार 924 प्रकरण रखे गये थे। इनमें न्यायालयों में लंबित प्रकरण 2006 एवं प्री.लिटिगेशन के 8918 प्रकरण थे। राजस्व मामलों के 5249 प्रकरण सहित कुल 133 प्री.लिटिगेशन प्रकरण तथा न्यायालयों में लंबित 979 प्रकरण थे।



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा द्वारा जिला एवं तहसील स्तर पर 11 फरवरीको सभी मामलों से संबंधित नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री डी.एल कटकवार, कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश श्री बी राम, अपर सत्र न्यायाधीश कु संघपुष्पा भतपहरी, अपर सत्र न्यायाधीश एफ्टीसी कोरबा श्रीमती ज्योति अग्रवाल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोरबा कृष्ण कुमार सूर्यवंशी, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग.एक कोरबा हरीश चंद्र मिश्र, जिला अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष श्री सुरेश शर्मा, सचिव श्री नूतन सिंह ठाकुर, राज्य विधिज्ञ परिषद बिलासपुर के सदस्य श्री बीके शुक्ला दीप प्रज्जवलन कार्यक्रम में उपस्थित थे। नालसा थीम सांग न्याय सबके लिये के साथ नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया गया।

बेसहारा बुजर्ग दंपत्ति को घर बैठे मिला न्याय:-9 फरवरी 2020 को आवेदक बुजुर्ग दंपत्ति के जवान पुत्र की मृत्यु मोटर दुर्घटना में हो जाने के कारण आवेदकों ने समस्त मदों में कुल 36 लाख रुपये एवं इस पर 12 प्रतिशत वार्षिक व्याज की दर से क्षति रकम प्राप्त करने के लिए अनावेदक के विरूद्ध मोटर यान अधिनियम 1988 की धारा 166 के अंतर्गत न्यायालय के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया था। ऐसे में मृतक जो एकमात्र कमाने वाला सदस्य था की मृत्यु के पश्चात् बेसहारा बुजुर्ग दंपत्ति आवेदकों के लिये अत्यंत कठिन हो चला था। प्रकरण में आवेदक एवं अनावेदक बीमा कंपनी ने हाईब्रीड नेशनल लोक अदालत में संयुक्त रूप से समझौता कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। आवेदकों ने घर बैठे अपने अधिवक्ता के माध्यम से 15 लाख रुपये बिना किसी डर-दबाव के राजीनामा किया। जिसे 60 दिन के भीतर अदा किए जाने का निर्देश दिया गया। इस प्रकार घर बैठे बुजुर्ग आवेदकों को जीवन जीने का एक सहारा नेशनल लोक अदालत ने प्रदान किया।

सालों से चल रहे जमीन विवाद का हुआ समाधान:-आवेदक के द्वारा अनावेदकगणों के विरूद्ध विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम 1963 के अंतर्गत रजिस्ट्री 2 मई 1997 को शून्य घोषित किए जाने एवं कब्जा एवं स्थायी निषेधाज्ञा बाबत वाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। वादभूमि को आवेदक के पिता ने वर्ष 1986 में क्रय किया था। उसके पश्चात् उक्त वादभूमि को अन्य दो अनावेदकगणों को विक्रय कर दिया गया तथा वाद भूमि अंतिम रूप से अनावेदक के नाम पर दर्ज किया गया था तथा लंबे समय से उक्त भूमि में विवाद की स्थिति आ गई थी। उक्त प्रकरण में आवेदक को न्यायालय के द्वारा प्रदान की गई समझाईश से आज 2 मई 1997 की वाद रजिस्ट्री को शून्य घोषित किए जाने एवं कब्जा एवं स्थाई निषेधाज्ञा बाबत् प्रस्तुत किया गया। चूंकि वर्तमान में अनावेदक वाद भूमि पर काबिज है और समस्त राजस्व दस्तावेजों में उनका नाम दर्ज हो चुका है इसलिए न्यायालय की समझाईश से आज नेशनल लोक अदालत में आपसी समझौता के आधार पर राजीनामा अनुसार अनावेदक ने 30 लाख रुपये प्रदान किया गया। इस प्रकार नेशनल लोक अदालत गरीब आम जनों को न्याय प्रदान कर न्याय सबके लिए को चरितार्थ किया। सालों की अनबन हुई दूर, दाम्पत्य जीवन की पुर्नस्थापना:-आवेदक एवं अनावेदक का वर्ष 1983 में हिन्दू रिति.रिवाज से विवाह संपन्न हुआ था। विवाह से उन्हें दो संतानों की प्राप्ति हुई। विवाह के लगभग 21 वर्ष बाद आवेदक के व्यवहार में बदलाव आने लगा एवं अनावेदिका के मध्य आपसी सांमजस्य की कमी एवं अविश्वास के चलते आपस में अनबन एवं लड़ाई झगड़े होने शुरू हो गए। अनावेदक ने आवेदिका एवं उसके बच्चों के उचित देख.रेख एवं पालन पोषण करने में उपेक्षा की जाने लगी।

## चोरी की मोबाईल फोन बेचने के लिये ग्राहको का इन्तेजार करते 02 आरोपी गिरफ्तार

- आरोपियो के कब्जे से 02 नग मोबाइल कीमती 6500 रुपया किया गया बरामद
- आरोपियो के विरुद्ध धारा 41(1-4) जा.फौ, 379 भादवि के तहत की गई कार्यवाही

**जांजगीर चांपा।** 12.02.23 को मुखबीर द्वारा सूचना मिला की दो अलग अलग जगह पर दो व्यक्ति चोरी की मोबाईल फोन बेचने हेतु ग्राहको का इंजतार कर रहे है। जिस पर तत्काल पेट्रोलिंग पार्टी द्वारा रेड कार्यवाही किया गया। जहां शिवरीनाराण रपटा पुल चौक के पास आरोपी अनिकेत चंद्राकर उम्र 21 वर्ष निवासी राहौद थाना शिवरीनारायण के पास काला नीला रंग का विवो कम्पनी का मोबाईल कीमती लगभग 3000 रूपये मिला एवं मेला ग्राउंड क्राफ्ट दुकान के पास विक्की श्रीवास उम्र 21 वर्ष के पास क्ष्भ्ड्डह्लद्धद्दड्डस्र कम्पनी का मोबाईल कीमती लगभग 3500 रूपये मिला दोनो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जो मोबाईल चोरी कर बेचने के लिये ग्राहको का इंतजार करना अपना जुर्म स्वीकार करने पर दोनो आरोपियो के विरूद्ध धारा 41(1-4) जा.फौ, 379 भादवि की विधिवत कार्यवाही की गई।

आरोपी अनिकेत चंद्राकर उम्र 21 वर्ष एवं विक्की श्रीवास पिता राजकुमार श्रीवास उम्र 21 वर्ष दोनो निवासी ग्राम राहौद थाना शिवरीनारायणा को को दिनांक 12.02.2023 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही मे सउनि रामेश्वर यादव प्र.आर. रूद्रनारायण कश्यप, प्र.आर. परमानंद घृतलहरे एवं आरक्षक द्वारिका, सुंदर, अर्जुन एवं लीलाराम का सराहनीय योगदान रहा।

## कलेक्टर ने खोखसा रेल्वे ओवरब्रिज का किया औचक निरीक्षण

- कलेक्टर ने ओवरब्रिज निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए जल्द से जल्द आवागमन की सुविधा शुरू कराने के दिए निर्देश
- खोखसा ओवरब्रिज में अप्रैल से नागरिकों के लिए आवागमन शुरू होने की उम्मीद



**जांजगीर चांपा।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज जांजगीर और चंपा नगर के मध्य मुख्य मार्ग पर निर्माणाधीन खोखसा रेल्वे ओवरब्रिज के प्रगतिरत कार्यों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ओवरब्रिज का निर्माण जल्द से जल्द पूर्ण करने तथा 15 अप्रैल तक आमनागरिकों के लिए आवागमन की सुविधा प्रारंभ कराए जाने कहा।

कलेक्टर ने निर्माण कार्य में गुणवत्ता व सुरक्षा का विशेष ध्यान रखते हुए आवश्यकतानुसार मजदूरों की संख्या बढ़ाते हुए निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराए जाने कहा। जिससे पूरे नगर वासियों सहित सभी आमजन को आवागमन की सुविधा सहित ट्रैफिक से राहत दिलाई जा सके। निरीक्षण के दौरान उपस्थित रेल्वे अधिकारियों ने कलेक्टर को 15 अप्रैल तक खोखसा रेल्वे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य पूर्ण होने का आश्वासन दिया। कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों से अद्यतन कार्यों की जानकारी लेते हुए तेजी से कार्य करने में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तत्काल जानकारी देने कहा। निरीक्षण के दौरान रेल्वे उप मुख्य अभियंता श्री समीर माथुर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## जिले के विभिन्न दूरस्थ क्षेत्रों से आए लोगों ने जनदर्शन में कलेक्टर को बताई अपनी समस्याए

- कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों का तत्परता से निराकरण करने अधिकारियों को दिए निर्देश
- जनदर्शन में आज कुल 89 आवेदन हुए प्राप्त



**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज अपने कार्यालय कक्ष में जनदर्शन के माध्यम से जिले के विभिन्न दूरस्थ क्षेत्रों से आए आमनागरिकों की विभिन्न शिकायत, समस्या एवं मांग से संबंधित प्राप्त विभिन्न आवेदनों को पूरी गंभीरता से सुना। कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में नवागढ़ तहसील निवासी श्रीमती गंगा बाई इलाज कराने का आवेदन लेकर पहुंची, जिस पर कलेक्टर ने तत्काल जिला चिकित्सालय में फोन कर महिला के इलाज के लिए आने पर आवश्यक जांच करते हुए उचित उपचार कराने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार आज जनदर्शन में तहसील अकलतरा निवासी श्री खुलू दास प्रधान अपने जमीन पर स्थापित किए गए टावर लाइन के खंभे का मुआवजा राशि दिलाए जाने का आवेदन, ग्राम भैंसतरा निवासी श्री शत्रुहन सिंह जगत द्वारा वन भूमि अधिकार अधिनियम के तहत पट्टा दिलाए जाने, तहसील पामगढ़ निवासी श्री ठाकुर राम अपने भूमि का रकबा संशोधन कराने, तहसील जांजगीर निवासी श्री कुमार सूर्यवंशी द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का लाभ दिलाने, तहसील जांजगीर के ग्राम सिवनी निवासी श्री पवन राठौर द्वारा उनकी पैतृक भूमि पर भूमि पर किसी दूसरे के द्वारा जबरजस्ती कब्जा किए जाने की शिकायत, तहसील अकलतरा

## बारह जयोर्तिलिंग शिव के झॉकी का दर्शनः डायमण्ड जुबली भवन

**कोरबा।** परमपिता परमात्मा शिव एक, परंतु उनके नाम अनेक है। यर्थात स्वरूप प्रकाशमयी ज्योर्तिबिन्दू स्वरूप है। शिव की महिमा अनंत है, श्रद्धालुजन शिव भोला भण्डारी के पूजन हेतू उनकी शिवलिंग के रूप प्रतिमा स्थापित कर उपासना करते है। महाशिवरात्रि का त्यौहार आने ही वाला है इसी उपलक्ष्य में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की शाखा जमनीपाली द्वारा भगवान शिव का बहुत सुंदर बारह ज्योर्तिलिंग का झॉकी का आयोजन किया गया जो कि आकर्षण का केंद्र रहा साथ ही बहुत धुमधाम से शिवरात्रि का पर्व भी मनाया गया।

इस शुभ अवसर पर ( पूर्व न्यायाधीश उपभोक्ता फोरम, कोरबा) सरिता पाण्डे ने कहा कि संस्था में आकर परमात्म ज्ञान की प्राप्ति होती है उन्होने कहा कि भगवान के अनेक नाम है समय के अनुसार, कर्म के अनुसार, विशेषताओं व गुणों के अनुसार श्रद्धालुजन भगवान शिव को अनेको नाम से पुकारने लगे। सोमनाथ, वैद्यनाथ, अमरनाथ इत्यादि उदाहरण स्वरूप हैं।

तथा साथ में ज्ञानेंद्रनाथ मिश्रा (कार्य पालन अधिकारी, सी.एस.ई.बी,) ने कहा कि परमात्मा सदा शिव, सदा पूजनीय है अजर, अमर हैं। उन्होने संस्था द्वारा किए जाने वाले जनकल्याण के कार्यो कि भूरी-भूरी प्रशंसा की एवं शासकीय माध्यमिक शाला, बल्गी की प्रधानपाठिका कृष्णा दुबे जी ने कहा कि मुझे इस संस्था की वेषभूषा अर्थात् श्वेत वस्त्र बहुत ही आकर्षित करता है। उन्होने कहा कि परमात्मा को किसी भी रूप में माने परमात्मा तो परमात्मा ही होता है। जमनीपाली सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी बिंदू दीदी ने कहा कि संसार का संचालन करने वाला स्वयंभू परमात्मा ज्योति स्वरूप है जिसे हर धर्म के लोग उन्हे अलग- अलग प्रकारो से पूजते है, परमात्मा तो किसी एक धर्म का नही बल्कि सर्व धर्म मान्य है। कोरबा सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी रूक्मणी दीदी ने कहा कि शिव के मंदिर में शिव के साथ सालीग्राम व नंदीगण की भी पूजा होती है इसके अध्यात्मिक रहस्यों को बताते हुए महाशिवरात्रि की सभी को बहुत बहुत बधाईयॉ दी।

कार्यक्रम के समापन में होम्योपैथी डा. रितेश सुनहरे ने सभी का आभार व्यक्त किया। महादेव शंकर की वेषभूषा में बेबी रुतिका द्वारा बहुत सुंदर ताण्डव नृत्य किया गया।

### विजेता मंडली को 50 हजार रुपये का दिया गया पुरस्कार

## जिला स्तरीय रामायण मण्डली प्रतियोगिता में विकासखंड पाली के संगम मानस मंडली ने मारी बाजी

- भगवान श्री राम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने एवं रामायण मंडलियों को प्रोत्साहित करने कटघोरा में प्रतियोगिता का हुआ सफल आयोजन

**कोरबा।** भगवान श्री राम के आदर्शों को जन जन तक पहुँचाने और जिले की रामायण मंडलियों को प्रोत्साहित करने के लिए शुक्रवार शाम को कटघोरा के हाईस्कूल मैदान में जिला स्तरीय रामायण मंडली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विकासखंड पाली के संगम मानस मंडली कुटेलामुड़ा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम को 50 हजार रुपए राशि का चेकए स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इससे पहले कटघोरा विधायक श्री पुरुषोत्तम कंवर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला कंवर, कटघोरा के पूर्व विधायक श्री बोधराम कंवर ने जनप्रतिनिधियों सहित प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।




प्रतियोगिता उपरांत विजेता मंडली और प्रतियोगिता में शामिल रामायण मंडलियों का सम्मान किया गया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विकासखण्ड स्तर में आयोजित रामायण मण्डली प्रतियोगिता से चयनित प्रतिभागी शामिल हुए। जिला स्तरीय रामायण मंडली प्रतियोगिता में पाली के अलावा विकासखंड कोरबा से शारदा मानस परिवार चुईया, करतला से राजकुमारी मानस मण्डली कोटमेर, कटघोरा से श्री राम जानकी मानस मंडली कन्हैयाभाठा और विकासखंड पोंडी उपरोड़ा से आदर्श मानस मंडली शामिल हुए।

जिला स्तरीय रामायण मंडली प्रतियोगिता में रामायण मंडलियों ने महान कवि गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस में संकलित विभिन्न अध्यायों का पाठन कर श्री राम के आदर्श संदेशों को जन.जन तक पहुंचाया। जिला स्तरीय रामायण मंडली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त पाली की विजेता टीम गरियाबंद जिले के राजिम में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय रामायण मंडली प्रतियोगिता में शामिल होंगे। जिला स्तरीय रामायण मंडली प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल कटघोरा विधायक श्री पुरुषोत्तम कंवर ने शासन द्वारा रामायण मंडलियों को प्रोत्साहित करने और भगवान श्री राम के आदर्शों को गांव.गांव तक पहुंचाने के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के माध्यम से गांव स्तर के रामायण मंडलियों को राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान रामायण मंडलियों ने मानस गान कर कार्यक्रम में राम रस की धारा बहाई। रामायण मंडलियों की भक्तिमय राम भजन की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध होने पर मजबूर कर दिया। कटघोरा के हाईस्कूल मैदान में दर्शक गण श्रद्धा और भक्ति के साथ महाकाव्य रामचरितमानस में उल्लेखित श्री राम के आदर्शों को भक्ति गीत और भजन के रूप में सुनकर आनंद लिया। इस दौरान जिला पंचायत सभापति गणराज सिंह कंवर, सीईओ जिला पंचायत श्री नूतन कंवर, एसडीएम कटघोरा कौशल प्रसाद तेंदुलकर, सीईओ कटघोरा जनपद विरेन्द्र राठौर, जिला खेल अधिकारी दीनू पटेल, सहायक खेल अधिकारी रामकृपाल साहू सहित जनप्रतिनिधि और नागरिकगण मौजूद रहे।

# बिहार : आतंकवाद का खतरा

**अवधेश कुमार**



हिंडनबर्ग हंगामे के बीच बिहार से पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के संदिग्धों की गिरफ्तारी सुर्खियां नहीं बन पाई। हालांकि भारत की आंतरिक सुरक्षा की दृष्टि से यह महत्त्वपूर्ण घटना है। जैसी कि जानकारी है, बिहार के पूर्वी चंपारण यानी मोतिहारी जिले के कई स्थानों से छापा मारकर तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। मामला कितना गंभीर होगा इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि बिहार पुलिस की कार्रवाई के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी (एनआईए) तो लगी थी ही, उत्तर प्रदेश पुलिस का आतंकवादी निरोधी दस्ता या एटीएस तथा इंटेलिजेंस ब्यूरो के अधिकारी भी वहां पहुंचे।

पकड़ा गया एक संदिग्ध रियाज मारूफ पहले से ही सुरक्षा एजेंसियों के रडार पर था क्योंकि पिछले वर्ष पीएफआई के बिहार में सबसे खतरनाक मॉड्यूल, जिसे फुलवारी शरीफ-पटना मॉड्यूल कहा जाता है, में भी इसका नाम आया था। बिहार और देश की राजनीति में इस समय एक पक्ष सुरक्षा एजेंसियों की हर कार्रवाई पर संदेह की उंगली उठाता है, और इस मामले में भी ऐसा ही है। किंतु इस आधार पर हम पीएफआई जैसे कट्टरपंथी संगठनों के खतरे का मूल्यांकन नहीं कर सकते। यूपीए सरकार के समय एनआईए के आतंकवाद संबंधी दस्तावेज देखें तो आपको बिहार मॉड्यूल नामक शब्द मिलेगा। चाहे 2006 का मुंबई के उपनगरीय रेलवे का विस्फोट हो या वाराणसी के संकट मोचन मंदिर पर आतंकी हमला या उसके बाद दिल्ली में विस्फोट। ऐसी अनेक घटनाएं थीं जिनमें बिहार से जुड़े आतंकी सीधे तौर पर शामिल थे। दरभंगा से लेकर किशनगंज एवं पटना से जुड़े फुलवारी शरीफ के निवासियों की दूसरे राज्यों से गिरफ्तारियां हुई। यहां तक कि खूंखार आतंकी यासीन भटकल की शरणस्थली भी बिहार और उससे लगा नेपाल ही साबित हुआ। दुर्भाग्य से देश की स्मृति बहुत कमजोर है।

कोई घटना होती है तो हम छाती पीटते हैं, मीडिया, सोशल मीडिया पर कुछ समय अभियान चलता है, राजनीतिक नेताओं के वक्तव्य आते हैं, और फिर धीरे-धीरे सब शांत। जिन लोगों को पिछले वर्ष पीएफआई के पटना- फुलवारी शरीफ मॉड्यूल के सामने आने से हैरत हुई, उनको आतंकवाद के संदर्भ में बिहार की पृष्ठभूमि का ध्यान नहीं था। ऐसा होता तो कतई हैरत व्यक्त नहीं करते। हालांकि इससे बड़ी त्रासदी कुछ नहीं हो सकती कि पीएफआई मॉड्यूल के सामने आने के बावजूद देश ने बिहार को आतंकवाद के प्रमुख रडार पर मानने का व्यवहार नहीं दिखाया। आज भी बिहार की राजनीति में ऐसे लोगों की बड़ी संख्या है, जो मानते हैं कि पुलिस और एनआईए ने तिल का ताड़ बनाया। साफ हो गया है कि पीएफआई मॉड्यूल में अपना एक लक्ष्य बनाया था। उसमें आजादी के 100 वर्ष पूरा होने पर भारत को इस्लामिक राज में परिणत करना सर्वप्रमुख था। गजवा ए हिंद शब्द के उसके दस्तावेज में इसका सीधा उल्लेख था। इसके लिए वे जगह-जगह ट्रेनिंग भी दे रहे थे। उनकी योजना में दलितों और पिछड़ों को अंबेडकर के नाम पर भ्रमित करना भी शामिल था।

बावजूद सच देखते हुए बिहार के राजनेता और बुद्धिजीवियों का बड़ा तबका इसे खतरा मानने को तैयार नहीं तो उस पर किस प्रकार की टिप्पणी की जा सकती है। यह आत्मघाती व्यवहार है। बिहार की मौजूदा सरकार एवं संपूर्ण राजनीतिक प्रतिष्ठान को स्वीकार करना चाहिए कि उनका प्रदेश आतंकियों का केंद्र बन चुका है। राजनीतिक नेतृत्व की सोच के अनुसार ही पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां कार्रवाइयों की दिशा निर्धारित करती हैं। उनके जिम्मे सुरक्षा है, इसलिए राजनीतिक नेतृत्व की विचारधारा से परे भी कई बार कार्रवाइयां होती हैं। पर इनमें उस प्रकार की प्रखरता और तत्परता नहीं होती जैसी होनी चाहिए। वर्तमान बिहार ऐसी परिस्थिति से गुजर रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा भाजपा का साथ छोड़ राजद से हाथ मिलाने के बाद की तस्वीर किसी तरह सामान्य नहीं मानी जा सकती। स्वयं जनता दल के अंदर ही अंतर्कलह का विस्फोट हो चुका है।

बिहार की बहुसंख्या मानती है कि नीतीश के इस कदम के पीछे किसी तरह की नैतिक, व्यावहारिक या तार्किक सोच नहीं है। नीतीश अभी तक अपने ही साथियों को समझाने में सफल नहीं हैं कि उन्होंने यह कदम क्यों उठाया। इस कारण जनता दल के अंदर प्रकट-अप्रकट तीव्र हलचल है। अनेक नेता, जो बोलते नहीं, मानते हैं कि नीतीश के इस कदम से उनकी पार्टी की मृत्युगाथा लिख दी गई है। इस कारण उनका ध्यान बिहार की ज्वलंत समस्याओं से ज्यादा अपने राजनीतिक हितों की सुरक्षा और भविष्य की राजनीति पर ज्यादा है। उपेंद्र कुशवाहा का वर्तमान व्यवहार इसका उदाहरण मात्र है। दूसरी ओर राजद के अंदर भी यही भाव है कि नीतीश आज जरूर आए हैं, लेकिन इन पर विश्वास नहीं किया जा सकता। संभव है ये भाजपा का विरोध करते-करते फिर उस ओर जाने की कोशिश करें। एक दूसरे के प्रति सत्तारूढ़ खेमे में अविश्वास और आशंकाओं के बीच सरकार और प्रशासन सुचारू रूप से नहीं चल सकता। यह स्थिति निश्चय ही चिंता का विषय है।

कायदे से अभी तक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बिहार में जिहादी आतंकवाद को लेकर बैठकर आयोजित करनी चाहिए थी। आखिर, पिछले वर्ष अग्निवीर योजना के विरुद्ध सबसे ज्यादा हिंसा बिहार में हुई थी। लग रहा था कि कुछ प्रशिक्षित, प्रोफेशनल विरोध के नाम पर उपद्रव और अग्निकांड में शामिल थे। बिहार के मुख्यमंत्री की ओर से एक बयान नहीं आया जिसमें कहा जाए कि वे सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध हैं, और इससे खिलवाड़ करने वालों और लोगों की जान जोखिम में डालने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। 2005-10 के बीच नीतीश को सुशासन बाबू का विशेषण प्राप्त हुआ था। उस दौर की विशेषता थी कि बिहार अपराध और कुशासन के दौर से निकल कर सुरक्षित और कानून के शासन के दौर में वापिस लौट रहा था। नीतीश कुमार के अंदर नरेंद्र मोदी का विरोध कर सेक्युलर खेमे का हीरो बनने की भावना पैदा हुई। उनकी भाषा बदली और सुशासन का लक्ष्य प्राथमिकता में नहीं रहा। भारत में सेक्युलरिज्म के साथ समस्या यह है कि जानते हुए भी भयावह यथार्थ को स्वीकार नहीं किया जाता जिहादी आतंकवाद वैश्विक समस्या है, और उससे प्रभावित मुस्लिम युवा यहां भी खतरनाक दिशा में बढ़ चुके हैं। बिहार इस विचारधारा का सबसे बड़ा शिकार है। बिहार की सुरक्षा और शांति के लिए आवश्यक है कि राजनेता इस मानसिकता से बाहर आएं।

## संपादकीय

# नेपाल में भू-राजनीतिक होड़

चीन की बढ़ी ताकत और उसे नियंत्रित करने की अमेरिकी कोशिश ने दक्षिण एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया को विश्व शक्ति समीकरणों का मुख्य मंच बना दिया है। इसके बीच छोटे से छोटे देश की अहमियत बन गई है। नेपाल को भी उसका फायदा मिल रहा है।

यह बात नेपाल के टीकाकार भी कहते हैं कि अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में आज उनके देश को जितना महत्त्व मिल रहा है, वैसा पहले कभी नहीं हुआ। संभवतः इसकी वजह यही रही होगी कि पहले कभी दुनिया का यह हिस्सा भू-राजनीतिक होड़ का वैसा केंद्र नहीं था, जैसा इस समय बन गया है। चीन की बढ़ी ताकत और उसे नियंत्रित करने की अमेरिकी कोशिश ने दक्षिण एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया को विश्व शक्ति समीकरणों का मुख्य मंच बना दिया है। इसके बीच छोटे से छोटे देश की अहमियत बन गई है। नेपाल को भी फिलहाल उसका फायदा मिल रहा है, हालांकि लंबे समय इस क्षेत्र के हर देश के सामने यह तय करने की चुनौती आएगी कि वह किसके साथ है। फिलहाल नेपाल में कम्युनिस्ट प्रभाव वाली सरकार बनने के बावजूद अमेरिका ने उसे अपने पाले में लाने की कोशिशों में कोई ढील नहीं दी है। जबकि आम धारणा है कि हालिया घटनाक्रम से स्थितियां चीन की तरफ झुकी हैं। बहरहाल, अमेरिकी अधिकारियों का नेपाल दौरा पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों के मुताबिक जारी है। यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूसएड) की प्रशासक समांत पॉवर इस मंगलवार को यहां पहुंचीं। इसी बीच यह जानकारी सामने आई कि अगले हफ्ते अमेरिका की उप सहायक विदेश मंत्री आफरीन अख्तर यहां आएंगी। इसके कुछ दिन पहले ही अमेरिका की राजनीतिक मामलों की उप मंत्री विक्टोरिया नुलैंड ने काठमांडू की यात्रा की। उन्होंने यहां विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ बातचीत की थी। उस दौरान उन्होंने नेपाल के नेताओं को आगाह किया कि पड़ोसी देशों से संबंध बनाते समय उन्हें सावधानी बरतनी चाहिए। खास कर ऐसा आर्थिक मामलों में करना चाहिए। स्पष्टतः नुलैंड का इशारा चीन की तरफ था। हाल ही में अमेरिकी पत्रिका फॉरेन पॉलिसी में छपे एक विश्लेषण में अमेरिकी रणनीति में नेपाल के बढ़ते महत्त्व की चर्चा की गई है। इसमें कहा गया कि चीन के साथ बढ़ती होड़ के कारण अमेरिका ने अपनी रणनीति में नेपाल को खास लक्ष्य बना लिया है। आम समझ है कि फॉरेन पॉलिसी पत्रिका में छपे विचार आम तौर पर अमेरिका की रणनीतिक सोच के अनुरूप होते हैं।

# अडानी विवाद : कमल पर कीचड़

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**




अडानी समूह के तथाकथित भांडाफोड़ पर हमारी संसद का पूरा पिछला हफ्ता खप गया लेकिन अभी तक देश के लोगों को सारे घपले के बारे में कुछ भी ठोस जानकारी नहीं मिली है। हालांकि अडानी समूह ने सैकड़ों पृष्ठों का खंडन जारी करके दावा किया है कि उसने कोई गलत काम नहीं किया है। उसका सारा हिसाब-किताब एकदम साफ-सुथरा है। भारत के रिजर्व बैंक ने भी नाम लिये बिना अपने सारे लेन-देन को प्रामाणिक बताया है लेकिन आश्चर्य है कि भारत सरकार से अभी तक इस मुद्दे पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति के भाषण पर हुई बहस का जवाब देते हुए हमेशा की तरह काफी आक्रामक भाषण दिया और कांग्रेस की लगभग मिट्टी पलीत कर दी लेकिन अडानी-समूह के बारे में उन्होंने एक शब्द भी नहीं बोला। यही बात शक पैदा करती है कि कहीं दाल में कुछ काला तो नहीं है? राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने मोदी पर कई गंभीर आरोप लगाए और मोदी-अडानी सांठ-गांठ के कई उदाहरण भी दिए लेकिन एक मूल बात पर ध्यान देना जरूरी है। वह यह कि भारत-जैसे देश में क्या आर्थिक उन्नति के लिए यह जरुरी नहीं है कि सरकार और उद्योगपतियों के बीच घनिष्ट सामंजस्य बना रहे। पं. नेहरु की समाजवादी सरकार के दौरान भी टाटा, बिड़ला, डालमिया आदि समूहों की नजदीकी का पता किसे नहीं था? अडानी और अंबानी समूह कांग्रेस-राज के दौरान ही आगे बढ़े और मोदी-राज में अब वे दौड़ने भी लगे। दोनों समूह गुजराती हैं और हमारे दोनों भाई- नरेंद्र मोदी और अमित शाह- भी गुजराती ही हैं। इनका संबंध परस्पर थोड़ा घनिष्ट और अनौपचारिक भी रहा हो सकता है लेकिन यह देखना बेहद जरूरी है कि इन उद्योगपतियों को आगे बढ़ाने में कहीं गैर-कानूनी हथकंडों का सहारा तो नहीं लिया गया है? ये गैर-कानूनी हथकंडे इसलिए भी आसान बन जाते हैं कि हमारी भ्रष्ट नौकरशाही को संबंधों की फुलझड़ी दिखाकर पटाना कहीं अधिक आसान होता है। अडानी-समूह को अरबों रु. का धक्का लगभग रोज़ ही लगता जा रहा है। यदि लाखों शेयरधारकों की गाढ़ी कमाई बहने लगी तो वह गुस्सा मोदी सरकार पर ही फूट पड़ेगा। विदेशी उद्योगपति और पूंजीपति भी प्रकंपित हो जाएंगे। इसीलिए बेहतर होगा कि सरकार पर जो कीचड़ उछल रहा है, वह उसकी उपेक्षा न करे। अभी तो दिवालिया विपक्ष ही इस कीचड़ को उछाल रहा है लेकिन यह कीचड़ यदि जनता के बीच उछलने लगा तो उसमें से उगा हुआ कमल मलिन हुए बिना नहीं रहेगा।


# भारत जोड़ो यात्रा का फल

**अजय दीक्षित**

राहुल गांधी और कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा समाप्त हुई। यात्रा 4000 किलोमीटर से अधिक रही। यदि जनता पार्टी के तत्कालीन अध्यक्ष चंद्रशेखर की पदयात्रा को अतीत मान लिया जाए, तो इतना पैदल सफर किसी अन्य राजनीतिज्ञ ने तय नहीं किया। इसका पूरा श्रेय राहुल गांधी की मानसिक दृढ़ता और इच्छा-शक्ति को जाता है। उन्होंने श्रीनगर के ऐतिहासिक लाल चौक पर तिरंगा फहराया। राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। राष्ट्रगान भी गाया। अंततः भारतीयता सम्मानित हुई। श्रीनगर में एकदम शांति और सद्भाव का माहौल लगा। कोई पत्थरबाजी नहीं की गई। हुर्रियत का 1 अलगाववाद समाप्त किया जा चुका था। आतंकवाद को भी कुचला जा रहा है। चारों ओर तिरंगा लहरा रहा था। पाकिस्तान का झंडा नदारद रहा। भाजपा के तत्कालीन अध्यक्ष डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने जब 26 जनवरी, 1992 को लाल चौक पर तिरंगा फहराया था, तो चारों ओर बम, बारूद और बंदूकें ही थीं। अब माहौल पूरी तरह बदला है, राहुल गांधी को यह यथार्थ स्वीकार करना चाहिए और अनुच्छेद 370 पर विवादित बयान देने से बचना चाहिए। भारत की संसद ने यह निर्णय लिया था कि 370 को खारिज किया जाए। राहुल ने बार-बार यह उल्लेख किया है। कि भारत मुहब्बत और भाईचारे का देश है. लेकिन प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और आरएसएस पर हिंसा और नफरत के लगातार आरोप भी मढ़े हैं। राहुल ने यह भी कबूल किया है कि यात्रा के दौरान उन्हें नफरत और हिंसा कहीं नहीं दिखाई दिए। इससे बड़ा यात्रा का विरोधाभास और क्या हो सकता है? उनकी यह टिप्पणी बिल्कुल गैर- जिम्मेदाराना है कि प्रधानमंत्री मोदी ने हिंसा कराई। राहुल ने यह टिप्पणी कश्मीर में एक सार्वजनिक मंच से की, जिसका दुरुपयोग पाकिस्तान कर सकता है। सवाल है कि किन साक्ष्यों के आधार पर देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ राहुल गांधी इस निष्कर्ष तक पहुंचे? किस अदालत में प्रधानमंत्री के खिलाफ आपराधिक केस विचाराधीन है या कौन जांच कर रहा है? प्रधानमंत्री भी सामान्य कानून की परिधि में आते हैं। दरअसल यह राहुल की और कांग्रेस की मानसिक, पूर्वाग्रही धारणा हो सकती है। यदि राहुल कांग्रेस के शासन काल का इतिहास पढ़ें, तो परत दर परत सच सामने खुल जाएगा कि उस दौर में कितने दंगे हुए? कितने भारतीय मार दिए गए? कितना उग्र और व्यापक आतंकवाद था? सिर्फ भाजपा-संघ को कोस कर और खोखले आरोप मढ़ कर राहुल और कांग्रेस, किसी भी स्तर पर, देश को जोड़ नहीं सकते। पाखंड या दावे जरूर किए जा सकते हैं। बेशक इस तथ्य को स्वीकार न किया जाए, लेकिन यह राहुल गांधी के राजनीतिक ब्रांड की यात्रा थी। यह प्रभाव पैदा करने में राहुल और कांग्रेस सफल रहे हैं कि राजनीतिक तौर पर वह परिपक्व हो रहे हैं। अब वह पलायनवादी नहीं रहे। बेशक राहुल की छवि का विस्तार हुआ है, उसमें काफी सुधार हुआ है। यह भी सुखद संकेत है कि जहां से यात्रा गुजरती रही, वहां कांग्रेस का काडर सक्रिय दिखाई दिया। यानी कांग्रेस का संगठन अब भी जिंदा है, बेशक सुप्तावस्था में चला गया था। कांग्रेस अपने काडर को कितना जोड़ कर, सक्रिय और ज़िंदा रख पाती है, यह देखना अभी शेष है। लेकिन यात्रा के दौरान मिला चौतरफा समर्थन चुनावी जनादेश में परिणत होगा या नहीं, लोकसभा में सांसदों का आंकड़ा क्या होगा

# कुपोषण से बचाने वालों के बच्चे खुद कुपोषण का शिकार ना हो जाएं

**मीनाक्षी मेहरा**



मिड डे मील योजना वर्तमान में भारत सरकार द्वारा संचालित एक बहुत ही जानी पहचानी योजना है. इसकी शुरुआत 15 अगस्त 1995 को की गई थी. शुरुआत में इस योजना को देश के 3408 विकसित खंड में लागू किया गया था और बाद में सन 1997-98 में यह कार्यक्रम देश के हर ब्लॉक में लागू कर दिया गया. मिड डे मील का सबसे बड़ा उद्देश्य लाखों गरीब परिवारों के उन बच्चों को भुखमरी से बचाना है जो घर में राशन की कमी के कारण बिना कुछ खाए पिए स्कूल आने को मजबूर हैं. जिससे धीरे-धीरे बहुत से बच्चे कुपोषण का शिकार हो जाते हैं. इसी कुपोषण से उन्हें बचाने के लिए सरकार द्वारा मिड-डे-मील की योजना चलाई गई, जिसमें एक अच्छी खासी मात्रा में उन्हें रोज अलग अलग डाइट दिए जाने का प्रावधान है. यह योजना गरीब बच्चों के लिए बहुत बड़ा वरदान साबित हुआ है. इससे स्कूल में बच्चों की भागीदारी बढ़ी है. केवल उनकी नामांकन की संख्या ही नहीं बढ़ी, बल्कि बच्चों की उपस्थिति में भी सकारात्मक बदलाव आया है. स्कूली बच्चों को सेहतमंद बनाना भी मिड डे मील योजना का एक हिस्सा है. यह योजना बच्चों को नियंत्रित पोषण आहार प्रदान करने की भूमिका अदा करती है. जिससे बच्चों में तंदुरुस्ती बढ़ेगी और उनका संपूर्ण शारीरिक विकास संभव हो सकेगा.

मिड डे मील योजना तो अच्छे खासे पैमाने पर सरकार द्वारा चलाई जा रही है. जो इस योजना के तहत बच्चों तक भोजन तैयार कर उन्हें थाली में परोसती हैं. जो सुबह सुबह बच्चों और शिक्षकों के साथ समय पर स्कूल पहुंचती है, बच्चों को खिलाने के बाद उनके बर्तन भी साफ करती है, उन्हें भोजन माता के रूप में संबोधित किया जाता है. अमूमन यह देखा गया है कि जो स्कूलों में मिड डे मील तैयार करने वाली जिन महिलाओं को नियुक्त किया जाता है, वह अधिकतर गरीब परिवारों से ताल्लुक रखने वाली होती हैं. यह जानना बहुत जरूरी हो जाता है कि इन महिलाओं को कितना वेतन मिलता है और इस वेतन से उनका गुजारा कैसे चलता है? स्वयं उनके बच्चों को कितना पौष्टिक आहार प्राप्त हो पाता है?

इस संबंध में केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के कठुआ की रहने वाली एक मिड डे मील कुक संतोष देवी बताती हैं कि सुबह दस बजे शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों की तरह स्कूल पहुंचना होता है. वहां पहुंचते ही सबसे पहले पूरे किचन की सफाई करनी होती है. रसोई घर के काम के साथ साथ हम बच्चों के बैठने के लिए टाट बिछाते हैं. खाना बनाने वाले सभी बर्तनों को भी साफकरती हूं. इसके अतिरिक्त स्कूल के और भी छोटे छोटे काम करने के बावजूद भी हमें समय पर वेतन प्राप्त नहीं होता है. उन्होंने कहा कि उन्हें दो सालों में मात्र 3500 रूपए ही मिले हैं. बाकी पैसों का कुछ पता नहीं है कि कब मिलेगा, कब नहीं? हालांकि उनकी तनख्वाह प्रतिमाह एक हजार रुपए निर्धारित है. जो कभी भी समय पर नहीं मिलता है. संतोष देवी कहती सवाल करती हैं कि क्या मात्र एक हज़ार रुपए से किसी का गुज़ारा संभव है? मैं सरकार से अपील करती हूं कि एक तो हमारी जो भी सैलरी है कम से कम उसे ही समय पर अदा कर दिया जाए और इसे बढ़ाने पर गंभीरता से विचार किया जाए ताकि हम भी अपने घर गृहस्थी का गुजारा कर सकें.

कठुआ के एक मिडिल स्कूल में खाना बनाने वाली आशा देवी का कहना है कि मुझे प्रति वर्ष मात्र 10000 रुपए वेतन दिए जाते हैं. वह भी समय पर अदा नहीं किये जाते हैं. कभी दूसरे तीसरे महीने में एक दो हजार हमारे खाते में आ जाता है. सुबह से शाम तक काम करने के बावजूद भी तनख्वाह बढ़ना तो दूर की बात है, हमें एक हज़ार भी नहीं मिल पाता है. भला एक हजार रुपए से किसी परिवार का क्या होगा? सरकार को मिनिमम वेजेस एक्ट के तहत हमें कम से कम दिहाड़ी तो देनी चाहिए. इस संबंध में हाल ही में कठुआ के सरकारी स्कूलों में खाना बनाने वाली महिलाओं द्वारा सरकार का ध्यान आकृष्ट करने के लिए विरोध मार्च भी निकाला गया था. इस विरोध मार्च में शामिल कई भोजन माताओं की शिकायत थी कि सरकार द्वारा जो एक हज़ार रुपए दिए भी जाते हैं तो स्कूल द्वारा पूरा भुगतान नहीं किया जाता है. कभी मात्र 400 तो कभी 600 रुपए ही दिए जाते हैं.

आज के समय में इतनी महंगाई में क्या मात्र इतने रुपयों में घर चलाना संभव है? हम सुबह स्कूल जाती हैं और स्कूल में छुट्टी होने पर ही घर आती हैं. इसके उपरांत भी हमें समय पर वेतन नहीं मिलता है. उनकी शिकायत थी कि दूसरे बच्चों को खाना खिलाने वाली हम भोजन माता के बच्चे ही भूखे रहने को मजबूर हैं. हमें प्रतिदिन 33 रुपए के हिसाब से भुगतान किया जाता है. क्या यह हमारी मेहनत के साथ एक भद्दा मज़ाक नहीं है? कुछ माह पूर्व इसी सिलसिले में मिड डे मील यूनियन की ओर से उधमपुर में भी एक बड़ा विरोध मार्च निकाला गया था. जिसमें ज़िले के सभी सरकारी स्कूलों की भोजन माता शामिल हुई थी. उन्होंने जनप्रतिनिधियों से भी मिलकर अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया और मिनिमम वेजेस एक्ट के तहत 300 से 350 सौ रुपए प्रतिदिन भुगतान की मांग की.

हालांकि उनकी समस्याओं का कोई हल होता कहीं नजर नहीं आ रहा है क्योंकि बीते कुछ दिनों सरकार द्वारा जो बजट पेश किया गया है उस में मिड डे मील के बजट में 9.37% की कटौती की गई है. साल 2023 -24 में इस योजना के लिए 11600 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं जबकि साल 2022- 23 में मिड डे मील के लिए पहले 10000 करोड रुपए आवंटित हुए थे. लेकिन बाद में इसे संशोधित कर 12800 करोड रुपये किए गए थे. बहरहाल, बहुत सारी राज्य सरकारों ने अपने-अपने राज्यों में मिड डे मील के तहत खाना बनाने वाली भोजन माता का वेतन बढ़ाने के लिए या तो आश्वासन दिया है या थोड़ी बहुत बढ़ोतरी भी की है. ऐसे ही जम्मू-कश्मीर प्रशासन को भी यहां के स्कूलों में काम कर रही महिलाओं के वेतन को बढ़ाने के लिए गंभीरता से विचार करने की जरूरत है, ताकि दूसरों के बच्चों को पोषण देते हुए उनके खुद के बच्चे कहीं कुपोषण के शिकार ना हो जाएं.

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय ओपन नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में 450 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा




**राधेश्याम कोरी की खास रिपोर्ट बेलतरा-बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में ओपन नेशनल राष्ट्रीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था यह प्रतियोगिता 5 वां ओपन नेशनल था छत्तीसगढ़ राज्य को यह मेजबानी करने का मौका मिला शहर विधायक शैलेश पांडे के द्वारा रिबन काटकर उद्घाटन किया गया विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. किरणपाल चावला, अखिलेश गुप्ता, इस प्रतियोगिता में देश भर से 450 खिलाड़ी भाग लिए जिसमे छत्तीसगढ से 215 खिलाडी भाग लिए इस प्रतियोगिता में 170 मेडल के साथ आल ओवर चैंपियन छत्तीसगढ़ राज्य बना प्रथम रनर अप वेस्ट बंगाल के निधि दास की टीम बना, दुसरा स्थान ओडिशा, तीसरा स्थान वेस्ट बंगाल, 4था स्थान मध्य प्रदेश, 6वां स्थान उत्तर प्रदेश, 7वां स्थान हरियाणा, 8वां चंडीगढ़, 9वें पंजाब, 10 वां आसाम 11वां बिहार, 12वा दिल्ली एवम 13वां गोवा रहा ऑफिशल के रूप में प्रोग्राम को सफल कराने में योगदान करने वाले कोच सीपी कोसरिया हरिशंकर, दुर्गेश कुमार मांझी, मदेश्वर कुमार रवि, माखन सोनवानी, रिमझिम गुप्ता, पल्लवी यादव, वासु देव, आशीष यादव, हरेंद्र कोसले, स्वर्णा कोरी, मोनिका चक्रधारी चंचल डिक सेना, स्वाति बघेल, रुपेश दास वैष्णव, राजा बघेल रुपेश्वरी कर्स, बेस्ट रेफरी के रूप में दुर्गेश कुमार मांझी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया इंडियन ताइक्कांडो यूनियन के सेक्रेटरी जनरल मास्टर मुकेश कुमार साहू छत्तीसगढ़ ताइक्कांडो यूनियन के प्रमुख मास्टर गणेश सागर सभी राज्य के टीम को जीत की बधाईयां दी।

### महिला कार चालक ने डॉक्टर को मारी ठोकर

**रिसाली।** महिला कार चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल चालक चिकित्सक को ठोकर मार दी। इससे उन्हें चोंटे आई और इलाज के लिए रामकृष्ण केयर अस्पताल रायपुर में ले जाकर भर्ती किया गया। घायल के पुत्र मोहम्मद औसाफ शम्स की शिकायत पर पद्मनाभपुर चौकी पुलिस ने महिला कार चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस के मुताबिक तालपुरी रिसाली भिलाई निवासी डॉक्टर वसीम शम्स 2 फरवरी को तालपुरी इंटरनेशनल कॉलोनी से अपने वाहन हीरो होंडा स्प्लेंडर क्रमांक सीजी 07 ए 5935 पर बीज निगम होते हुए गोकुल नगर अपनी ड्यूटी पर जा रहे थे। उसी समय बीज निगम के सामने लगभग 8.50 बजे सामने की ओर से आ रही केयूवी कार क्रमांक सीजी 07 बीबी 4613 की महिला चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए चिकित्सक की मोटरसाइकिल को ठोकर मार दी। इससे मोटरसाइकिल चालक को सिर, दोनों पैर, चेहरे, हाथ आदि में चोटें आई और उन्हें घटनास्थल से तुरंत सेक्टर 9 हॉस्पिटल ले जाया गया।

### छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का रंगारंग शुभारंभ



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ क्रिकेट काउंसिल और वीर स्पोर्ट्स क्लब के संयुक्त तत्वाधान में प्रदेश के क्रिकेट प्रेमियों के लिए पेशेवर क्रिकेट प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग सीपीएल-टी-20 का उद्घाटन आज अंबिकापुर, बिलासपुर के बाद भिलाई सेक्टर 1 क्रिकेट स्टेडियम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सुपुत्र चैतन्य बघेल द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के आयोजक छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी खेलकूद प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण जैन ने जानकारी देते हुए बतलाया कि उद्घाटन मैच हीरा सुपर पॉवर दुर्ग और एचटीसी भिलाई इंडियंस के मध्य खेला गया दुर्ग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 146 रन 8 विकेट के नुकसान में बनाये जिसमें आशुतोष राजा ने 67 और विवेक पांडे ने 15 रनों का योगदान दिया। एचटीसी भिलाई इंडियन की ओर से शौकत अली ने 3, रोहित तिवारी ने 2 विकेट हासिल किए। 147 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भिलाई इंडियंस की टीम 91 रन पर ऑल आउट हो गई, दुर्ग की और से बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए अनूप सिंह ने 4 एवं अमित ने 3 विकेट प्राप्त किए। इस प्रकार यह मैच हीरा सुपर पावर दुर्ग ने 55 रनों से जीता लिया।

छत्तीसगढ़ की कला एवं समृद्ध संस्कृति अपने अनोखे स्वरूप में हो रही प्रगट

# जनजाति समाज के वीर योद्धाओं की ऐतिहासिक गौरव गाथा 3डी प्रोजेक्शन मैपिंग शो के माध्यम से किया जा रहा प्रस्तुत : दलेश्वर साहू

- विभागों द्वारा स्टॉल में शासन की लोककल्याणकारी योजनाओं की दी जा रही जानकारी
- तीन दिवसीय लोक मड़ई एवं कृषि मेले का शुभारंभ



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री दलेश्वर साहू ने डोंगरगांव के खेल मैदान में मड़ई ध्वज की पूजा कर तीन दिवसीय लोक मड़ई एवं कृषि मेले का शुभारंभ किया। अपने उद्बोधन में अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि लोक मड़ई के माध्यम से छत्तीसगढ़ की अनूठी संस्कृति यहां दिखाई दे रही है।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के जनजाति समाज और संस्कृति तथा आदिवासी समाज के जुड़े वीर योद्धाओं की गौरव गाथा यहां 3डी प्रोजेक्शन मैपिंग शो के माध्यम से दिखाई जा रही है। छत्तीसगढ़ की कला एवं समृद्ध संस्कृति अपने अनोखे स्वरूप में प्रगट हो रही है।

शहीद वीर नारायण सिंह, ठाकुर भंवर सिंह जैसे योद्धाओं ने देश को आजादी दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। देश को आजादी दिलाने में तथा समाज को दिशा दिखाने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई है। जल, जंगल और जमीन के लिए उन्होंने लड़ाई लड़ी। इस ऐतिहासिक गौरव गाथा को संजोकर 3डी प्रोजेक्शन मैपिंग शो के माध्यम से दिखाने का प्रयास किया गया है। लोक मड़ई में शासन की योजनाओं की जानकारी स्टॉल के माध्यम से दी जा रही है। ताकि नागरिक ज्यादा से ज्यादा शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले सकें। शासन की सुराजी गांव योजना तथा कृषि की नवीनतम तकनीक के साथ ही अन्य विभागों द्वारा भी योजनाओं की जानकारी आम नागरिक को दी जा रही है। उन्होंने दूर दराज से आए जनसामान्य के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर खैरागढ़ विधायक श्री यशोदा वर्मा, राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम श्री धनेश पाटिला, समाजसेवी श्री पदम कोठारी, श्री चेतन दास साहू, अध्यक्ष नगर पंचायत श्री हिरा निषाद, जीव जन्तु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री संजय जैन, समाज सेवी श्री चेतन साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष श्री संजय साहू, कलेक्टर श्री डोमन सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री अमित कुमार, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री लखन पटले, एसडीएम श्री सुनील नायक सहित अन्य अधिकारी तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की मोहक प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर पर विभिन्न विभागों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी स्टॉल के माध्यम से नागरिकों को प्रदान की गई। इस अवसर पर कृषि विभाग, उद्यान विभाग, जनसंपर्क विभाग, पशुधन विकास विभाग, मत्स्य पालन विभाग, एकेएफ नर्सरी, बीज निगम, कौशल विकास, कृषि विज्ञान केन्द्र, महिला बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, ई-बाईक योनो, इंडियन पोटाश लिमिटेड, जनपद पंचायत डोंगरगांव, एनआरएलएम, रेशम पालन व ग्रामोद्योग विभाग, आयुर्वेद व होम्योपैथी, माटीकला बोर्ड, दिनेश ट्रेडर्स, राशि सीड्स, जय लक्ष्मी इलेक्ट्रीकल्स, सवाना सीड्स, कुमेदा ट्रैक्टर दुर्ग, रिलायबल सीड्स, कोठारी प्राइवेट लिमिटेड, आईबी ग्रुप, इफ्को, दयाल फर्टीलाईजर, वन विभाग, पंजीयन कक्ष, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, जल संसाधन विभाग, सिक्योरिटी फायर बिग्रेड द्वारा स्टॉल लगाकर शासन की योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

## छत्तीसगढ़ राजभर महासभा सम्मेलन संपन्न

- महापौर नीरज पाल ने कहा महाराजा सुहेल देव राजभर की प्रतिमा होगी स्थापित

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राजभर महासभा के सम्मलेन में पिछले दिनों 5- फरवरी को सेक्टर - 2 इस्पात क्लब भिलाई में संपन्न हुआ, महाराजा सुहेल देव कि 1014 जयंती समाज के द्वारा बड़े हर्ष व उल्लास के साथ भव्य आयोजन कर मनाई गई इस अवसर में छत्तीसगढ़ राजभर महासभा के अध्यक्ष नरसिंह राजभर के अनुरोध मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महापौर नीरज पाल ने महाराजा सुहेल देव राजभर जी कि प्रतिमा स्थापना की घोषणा करता हूँ कहा कि उपयुक्त स्थल देखकर इस काम को जल्द किया जायेगा, साथ ही समाज के भवन के लिए भूखंड का प्रस्ताव एमआईसी से पास करेंगे राज्य शासन को भेजा जायेगा।

उत्तर प्रदेश के पूर्व सांसद घोषी चन्द्रदेव प्रसाद राजभर समाज को संबोधन करते हुए कहा कि राजभर समाज का सब दिन इतिहास हैं इस समाज के मेहनत के बल पर अपना मुकाम हासिल किया हैं । हमें निरंतर आगे ले जाना हैं । समाजसेवी और वरिष्ठ कांग्रेस के नेता धर्मेंद्र यादव ने कहा कि राजभर समाज की जागरूकता और विकासशील समाज हैं, वे हर वक्त मदद के लिए खड़े रहेंगे।

उत्तर प्रदेश घोषी के पूर्व विधायक विजय राजभर ने अपने उजीवी उब्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ में राजभर समाज कि इतनी बड़ी जनसंख्या देखकर बड़ी ख़ुशी हुई। यह समाज देश प्रदेश के विकास में अपना सहभागी निभा रहा हैं 7 सम्मेलन के अध्यक्ष शिव प्रसाद सिंह राजभर (राजगुरु), समाज के लोगो को आहवान किया कि सामाजिक एक जुटता के लिए त्याग की भावना को लेकर आगे आए और शिक्षा कि मसाल जलाये और अपना तन मन समर्पित कर दे जिससे समाज नित नयी उचांई छूता रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया और बच्चो पुरुष्कृत किया गया एवं युवक युवतियों को परिचय सम्मलेन किया गया। वरिष्ठ साहित्यकार पत्रकार शिवनाथ शुक्ल जी का सम्मान किया गया। मुम्बई के विशेष लोकगीत गायक कमलेश राजभर ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किया इस अवसर पर वरिष्ठ अतिथि हनुमान राजभर, सुभास राजभर, कठेश्वर राजभर उपस्थित हुए।

कार्यक्रम को संबोधित किया समाज के अध्यक्ष नरसिंह राजभर, महासचिव सुरेश राज, कोषाध्यक्ष बी. एल राजभर सूर्या राज, मुख्य सलाहकार डी. डी. प्रसाद, तूफानी राजभर, राम राजभर, राधेश्याम भारद्वाज, अनिल प्रसाद, बबलू भारद्वाज, रोशनलाल राजभर, अमृत राजभर, सुनील राजभर, अनिल राजभर,वरुण राजभर, शिवनारायण भारद्वाज, संतोष राजभर हजारो संख्या में समाज के लोग उपस्थित थें।

### पत्नी की हत्या कर चार साल से था फरार, घर जाने की फिराक में पकड़ाया आरोपी

**भिलाइ।** जामुल थाना क्षेत्र में पत्नी की हत्या कर चार साल से फरारी काट रहा हत्या का आरोपी आखिरकर पुलिस की गिरफ्त में आ गया। जामुल पुलिस को आरोपी का इनपुट मिला था इसके आधार पर पुलिस ने दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया। बताया जा रहा है आरोपी लंबे समय से घर से बाहर था और अपने घर जाने की फिराक में था। इस दौरान पुलिस को मुखबिर की सूचना मिली और आरोपी को गिरफ्तार किया गया। बता दें 26 मई 2019 के सुबह 5.30 बजे जामुल थाना क्षेत्र फौजी नगर गंगा इंजीनियरिंग के सामने स्थित पुलिया के नीचे नाले में एक अज्ञात महिला की शव मिला था।

## 1 भिलाई मैत्री महाविद्यालय रिसाली में केंपस का आयोजन हुआ

**रिसाली।** भिलाई मैत्री महाविद्यालय रिसाली के द्वारा शनिवार को कैंपस चयन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न विद्यालय क्रमशः मैत्री विद्या निकेतन स्कूल, रिसाली; संस्कार पब्लिक स्कूल, आमालोरी गाड़ाडीह, प्रिज्म स्कूल, महकाकला उतई; उदय इंग्लिश मिडियम स्कूल, छावनी, उदय पब्लिक स्कूल, जामुल, भिलाई, श्रद्धा मोन्टेसरी, भिलाई; श्रद्धा पब्लिक स्कूल, गरियाबंद, डीपीएस, राजनांदगांव; शान्ति विद्या निकेतन, डुन्डेरा; दीपशिखा पब्लिक स्कूल, उतई; दीक्षा पब्लिक स्कूल, नेवई भाटा; जेबी इंटरनेशनल स्कूल, तिल्दा एवं आधारशिला पब्लिक स्कूल, भाटापारा के प्राचार्य व शिक्षकगणों ने विभिन्न महाविद्यालयों जैसे कल्याण महाविद्यालय, भिलाई, स्वरूपानंद महाविद्यालय, हुडको, सेंटथॉमस महाविद्यालय, रुआबांधा, भिलाई मैत्री महाविद्यालय, रिसाली, भिलाई नायर समाजम महाविद्यालय, सेक्टर-8, प्रिज्म महाविद्यालय महकाकला उतई, व अन्य महाविद्यालयों से आये बी.एड. प्रशिक्षार्थियों का साक्षात्कार लिया गया। ओपन कैंपस चयन कार्यक्रम में लगभग 154 बी.एड. प्रशिक्षार्थियों एवं भूतपूर्व छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें 112 प्रशिक्षार्थियों का चयन विभिन्न स्कूलों साक्षात्कार द्वारा किया गया। भिलाई मैत्री महाविद्यालय द्वारा कैंपस साक्षात्कार का आयोजन विगत् अनेक वर्षों से किया जा रहा है। जिसके तहत् प्रशिक्षार्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जाते हैं। विभिन्न विद्यालयों से आये प्राचार्य, शिक्षकगणों एवं मेका अध्यक्ष श्रीमती राजम सुधाकरण, प्रबंधकगण डॉ. सजिता थम्बी, एस. सजीव व एस. साजन व महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुरेखा विनोद पाटिल व विभागाध्यक्ष डॉ. डी लक्ष्मी ने केम्पस कार्यक्रम के बेहतर आयोजन को सराहा। प्लेसमेंट समिति के सदस्य डॉ. शालिनी वर्मा (प्रभारी- प्लेसमेंट सेल), डॉ. टी. वाणी, श्रीमती सीनी करुणानिधि एवं सभी शिक्षकगणों का विशेष सहयोग सराहनीय रहा।

## मचांदुर के सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल का वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण सम्पन्न हुआ




**दुर्ग।** ग्राम मचांदुर के सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में वार्षिक उत्सव व पुरुस्कार वितरण का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग के सांसद विजय बघेल थे।अध्यक्षता जनपद सदस्य लेखन साहू ने की।समाज सेविका श्रद्धा साहू,सरपंच दिलीप साहू,उपसरचंप गजेन्द्र साहू,भाजपा मंडल अध्यक्ष फत्लेलाल वर्मा,फत्लेंद्र सिंह राजपूत,प्रवीण यदु,युगलकिशोर साहू,निरंजन राजपूत,मंतराम यादव,मनोज गोस्वामी,यशवंत कोठारी, सहित कई जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति हुए। दीप प्रज्जवलन गणेश वंदना मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।गया।सांस्कृतिक कार्यक्रम में बालक एवं बालिकाओं ने एक से बढ़कर एक ऐसी प्रस्तुति दी।देश भक्ति गीत रहा आकर्षक का केंद्र इस दौरान स्कूली छात्रों सहित प्रतिभाओं का सम्मान किया गया।कार्यक्रम में प्रधानाचार्य सरोज गोस्वामी,ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।सरपंच दिलीप साहू,ने आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित प्रकट किया। मंच संचालन रवि गोस्वामी,व तोरण साहू,ने किया।इस अवसर पर शीतल साहू,खिलेश्वरी साहू,तेजेश्वरी साहू,पंच राधा साहू,पूर्णिमा साहू,गणपत साहू,सीताराम यादव,चिंता कोठारी,रजनी देवांगन,दामनी देवांगन,लेखनी देवांगन,विशाखा साहू,चंद्रिका देवांगन,सीमा,तुकाराम साहू,तामेश्वर साहू,प्रमुख से उपस्थित रहें ?

### दशहरा मैदान रिसाली में सुश्री गोपिकेश्वरी देवी का दिव्य प्रवचन शुरु हुआ

**रिसाली।** नगर पॉलिक निगम रिसाली के अंतर्गत आने वाले दशहरा मैदान रिसाली सेक्टर के मैदान में शनिवार से दिब्य प्रवचन सुरु हुआ।जो रोजाना 19 फरवरी तक सन्ध्या 4 बजे से सन्ध्या 7 बजे तक चलेंगा।

## ग्राम कोकड़ी में 18 को भव्य महाशिवरात्रि का आयोजन



**दुर्ग।** दुर्ग ब्लाक के ग्राम कोकड़ी में 18 फरवरी को भव्य महाशिवरात्रि व माघी पुन्नी मेला का आयोजन किया गया है। जिसका विधिवत शुभारंभ एवं दिप प्रज्जवलन होगा।कार्यक्रम के मुख्यअतिथि गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू होंगे।अध्यक्षता जिला पंचायत दुर्ग की अध्यक्ष श्रीमती शालिनी यादव करेगी। विसेस अतिथिगण नंदकुमार सेन (अध्यक्ष केश कला बोर्ड सीजी) बालम चक्रधर (अध्यक्ष मिट्टी कला बोर्ड सीजी) केशव बंती हरमुख (उपाध्यक्ष श्रम कल्याण बोर्ड सीजी) देवेंद्र देशमुख (अध्यक्ष जनपद पंचायत . दुर्ग) श्रीमती योगिता चंद्राकर ( सभापति कृषि समिति जिला पंचायत दुर्ग) श्रीमती झमिता गायकवाड़ (उपाध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग) हर्ष साहू (युवा समाजसेवक ) डिकेन्द्र हिरवानी (अध्यक्ष नगर पंचायत उतई) श्रीमती शशि सिन्हा (महापौर नगर निगम रिसाली) राकेश हिरवानी ( सभापति कृषि समिति ,जनपद पंचायत दुर्ग) मुकुंद पारकर ( अध्यक्ष सरपंच संघ दुर्ग) रिवेन्द्र यादव (पूर्व अध्यक्ष सरपंच संघ दुर्ग) श्रीमती पं. कोकडी) सी.एल. चंद्राकर (व्याख्याता)होंगे।कार्यक्रम की तैयारी हेतु समिति के अध्यक्ष रोशन लाल साहू (पूर्व सरपंच कोकड़ी)सचिव रोहित कुमार साहू जी (पूर्व उपसरपंच कोकड़ी)कोषाध्यक्ष :- राजु लाल देशमुख (सरपंच ग्राम पं. भानपुरी)वामन कुमार साहू (सरपंच ग्राम पं. पाऊवारा) संरक्षक हर्ष कुमार साहू (समाज सेवी दुर्ग ग्रामीण)संयोजक :- राकेश हिरवानी जी (कृषि सभापति ज.प. दुर्ग)निदेशक :-केशव बंटी हरमुख (पूर्व कृषि सभापति ज.पं.दुर्ग)मेला आयोजक कार्यकारिणी सदस्य :श्रीमति रेखा अजय चतुर्वेदी सरपंच ग्राम पंचायत जंजगिरी श्रीमति गुंजेश्वरी शत्रुहन सरपंच ग्राम पंचायत बोरीगारका घनश्याम गजपाल सरपंच ग्राम पंचायत करगाडीह श्रीमति उमा अशोक रिगरी सरपंच ग्राम पंचायत पुरई श्री सुखी राम यादव सरपंच ग्राम पंचायत खमरिया मनीष कुमार साहू सरपंच ग्राम पंचायत धनोरा तेज राम चंदेल सरपंच ग्राम पंचायत हनोदा चन्द्रभान सारर्थी सरपंच ग्राम पंचायत कोड़िया कार्यक्रम की तैयारी में लगे हुए है।

# दल्लीराजहरा से ट्रेन की सुविधा बढ़ाने की मांग

विलंब से चल रही डेमू ट्रेन की टाइमिंग सुधारने की आवश्यकता






**दल्लीराजहरा।** दल्लीराजहरा से बिलासपुर तक सीधी यात्री ट्रेन चलाने की मांग पर रेलवे प्रशासन गंभीरता से ध्यान नहीं दे रहा है। अभी जो यात्री ट्रेन (डेमू) केंवटी से रायपुर , रायपुर से अंतागढ़ तथा अंतागढ़ से दुर्ग फिर दुर्ग से दल्लीराजहरा करती है। लेकिन देखा जा है कि जब से इस ट्रेन को अंतागढ़ से चलाया जा रहा है तब से यह यात्री ट्रेन समय पर नहीं चल रही है। प्रायः यह ट्रेन विलंब से चल रही है। जिससे दुर्ग से लम्बी दूरी की ट्रेन अक्सर यात्रियों को नहीं मिल पाती। यात्रियों को यदि बिलासपुर तक जाना हो तो उन्हें दुर्ग से दूसरी ट्रेन से यात्रा करनी पड़ती है जो यात्रियों के लिए काफी कष्टकारी सिद्ध हो रहा है।

दल्लीराजहरा नगर के लोग काफी समय से मांग कर रहे हैं कि दल्लीराजहरा से बिलासपुर तक सीधी यात्री ट्रेन चलाई जाए पर आश्वासन के सिवाय कुछ भी ना मिला। जनप्रतिनिधि भी इस ओर पूरी तौर से उदासीनता का परिचय दे रहे हैं। क्षेत्रीय सांसद बात तो बड़ी -बड़ी करते हैं पर जनता की सुविधा के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

इस संबंध में राजहरा व्यापारी संघ ने भी संबंधित पक्षों से पत्र व्यवहार किया तथा नईदिल्ली जाकर रेल मंत्री को पत्र देकर दल्लीराजहरा -बिलासपुर यात्री ट्रेन चलाने तथा दल्लीराजहरा अंतागढ़ रायपुर ट्रेन को समय पर चलाने के साथ -साथ दो रेक ट्रेन चलाने की मांग को रखा था। लेकिन व्यापारी संघ की बात वह अब तक कोई सुनवाई नहीं हो पाई है। क्षेत्रीय अधिकारी भी कुछ बताने को तैयार नहीं है।

दल्लीराजहरा से अंतागढ़ तक रेल मार्ग बन गया है अब उसके आगे लाईन बिछाई जा रही है जो रावघाट तक जाएगी। लेकिन देखा जा रहा है कि रेल मार्ग का विस्तार तो हो रहा है पर उसके हिसाब से सुविधाएं नहीं बढ़ाई जा रही है। मुख्य रूप से यह मांग है कि अभी इस ट्रेक में जो एक रेक ट्रेन चलाई जा रही है वहां दो रेक ट्रेन चलाई जाए तथा इसकी टाइमिंग को सुधारा जाए एवं दल्लीराजहरा से बिलासपुर तक सीधी यात्री ट्रेन चलाई जाए।

**ब्रेकिंग न्यूज**

## 4 लुटेरो ने शराब के लिए पैसे के जुगाड़ मे लुट लिया ट्रक ड्राइवर को , सुहेला पुलिस की गिरफ्त मे फंसे लुटेरे

### थाना सुहेला पुलिस द्वारा ट्रक चालक के साथ मारपीट कर लूट करने वाले एक नाबालिक बालक सहित 04 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार,आरोपियों से लगभग10 हजार किमत की मोबाइल, 01 नग ट्रक का जैक एवं नगदी रकम 1300 रूपए किया गया बरामद,आरोपियों द्वारा शराब पीने के लिए पैसा नहीं होने से बनाया गया था लूट का प्लान

**भाटापारा ( भारत-भास्कर )** - हाईवा का चालक विनोद कुमार वर्मा रात्रि में करीब 11:00 हाईवा में पत्थर भरकर हिरमी माइंस की ओर ले जा रहा था तभी कि रास्ते में आरोपियों द्वारा पेड़ को झुका कर रोड अवरुद्ध कर हाईवा में चढ़कर वाहन चालक से मारपीट कर पास में रखें नगदी रकम 1300 रूपए ,लगभग 10,770 रूपए किमत की मोबाइल तथा ट्रक का एक नग जैक लूट कर ले गए। सुहेला पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामला की विवेचना जारी की मुखबीर की मदद से थाना प्रभारी सुहेला उपनिरीक्षक बीके सोम के नेतृत्व में घटना में शामिल एक नाबालिक बालक के साथ 04 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया । आरोपियों से लुटे हुए मोबाइल, ट्रक का जैक तथा नकदी रकम 1300 बरामद कर जप्त किया गया। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा । उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक बीके सोम, सहायक उपनिरीक्षक पवन सिन्हा, प्र0 आर0 दिलीप टोप्पो, भूपेंद्र वर्मा आरक्षक सुरेश वर्मा, विनोद वर्मा का विशेष योगदान रहा

आरोपीयो का नाम- 01. रोहन लाल साहू पिता छविराम साहू उम्र 22 वर्ष 02. अभय पिता मनीराम साहू उम्र 18 साल 4 माह 03. देवेंद्र यादव पिता हीरालाल यादव उम्र 18 वर्ष 10 माह सभी निवासी ग्राम तिल्दाबांधा थाना सुहेला 04. एक अपचारी बालक।

## प्रधानाचार्या श्रीमती ऋतु रजनीश को मिला इंडिया का 'मोस्ट इंपैक्टफुल स्कूल लीडर' का सम्मान



**भाटापारा( भारत-भास्कर )** - खमरिया भाटापारा स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती ऋतु रजनीश को 11 फरवरी 2023 को आईपीएन इम्पैक्ट ऑनर 2022 अमृता विश्व विद्यापीठम् बेंगलुरु के एक सम्मान समारोह में आईपीएन मोस्ट इंपैक्टफुल स्कूल लीडर 2022 का सम्मान दिया गया।यह सम्मान श्रीमती ऋतु रजनीश के शिक्षा के प्रति समर्पण का भाव, शिक्षा के क्षेत्र में उठाए गए सराहनीय कदम तथा उत्तम शिक्षा व्यवस्था के लिए उनके द्वारा किया गया अथक परिश्रम का परिणाम है। विद्यालय के लिए यह अत्यंत गौरवपूर्ण विषय है। उनके शब्दों में शिक्षा ही जीवन का आधार है। इस संबंध में शिक्षा की उत्तम गुणवत्ता तथा आधुनिक शिक्षा प्रणाली का प्रबल समर्थक रही हैं। उनकी इस उपलब्धि के लिए विद्यालय के प्रबंधक श्री अश्वनी शर्मा तथा सह-प्रबंधक श्री संदीप गोयल ने ढेर सारी शुभकामनाएँ दीं। साथ ही साथ सभी शिक्षक/शिक्षिकाओं ने भी बधाइयाँ दी और हर्ष जताया। ज्ञात हो कि इससे पूर्व भी शिक्षा जगत में श्रीमती ऋतु रजनीश को कई पुरस्कार व सम्मान प्राप्त हैं।

## धर्मराज जैसे भाई और सकुनी की तरह कपटी मामा आज भी है - रूही साहू

**राजिम।** भिलाई सेक्टर 7 की पंडवानी गायिका रूही साहू ने मीडिया सेंटर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि पंडवानी पांडव की वाणी है। इसमें धर्मराज जैसे भाई के गाथा परिवार को जोड़ने का काम करती है ऐसे ऐसे अनेक उदाहरण देखने और सुनने को मिलता है। उन्होंने कहा कि आज भी धर्मराज जैसे भाई तथा शकुनी जैसे कपटी मामा मिल जाते हैं। गलत का परिणाम हमेशा गलत ही होता है। श्रीमती साहू बताया कि अच्छा कर्म करें तो फल अच्छा ही मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि ईश्वर ने हर इंसान में कुछ न कुछ कला जरूर दी है। उसे दबाने की जरूरत नहीं है बल्कि बाहर निकाले। पहली बार सन् 2018 में पंडवानी की प्रस्तुति दी।

### सीएसआर के तहत निर्धारित राशि से विकास कार्य नहीं होने पर जताई कड़ी नाराजगी

# कलेक्टर ने की सीएसआर से हुए कार्यों की समीक्षा

■ सभी उद्योग स्थानीय लोगों को उपलब्ध कराएं नौकरी एवं रोजगार

**चंद्रप्रकाश टोंडे की रिपोर्ट सिमगा**



**बलौदाबाजार।** कलेक्टर रजत बंसल ने आज सँयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में विभिन्न उद्योगों के सीएसआर प्रतिनिधियों की बैठक ली। कलेक्टर रजत बंसल ने जिले में विकास कार्यों को बढ़ावा देने के लिए सीएसआर मद से हो रहे विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा। इस दौरान सीएसआर के तहत निर्धारित राशि से विकास कार्य नहीं करनें पर कड़ी नाराजगी जताई.साथ ही सभी कम्पनी प्रतिनिधियों को स्थानीय लोगों को नौकरी एवं रोजगार उपलब्ध कराने वके निर्देश दिए है।

श्री बंसल ने कहा बलौदा बाजार-भाटापारा बड़ा जिला है. शासन प्रशासन जिले के विकास के लिए लगातार कार्य कर रहे है जिले के तेजी से विकास के लिए उद्योग की भागीदारी आवश्यक है। शासन व नीति आयोग के निर्देशानुसार सीएसआर मद से होने वाले कार्यों में शिक्षा, स्वास्थ, स्कील डेवलपमेंट व संस्थागत विकास को प्रमुखता के साथ शामिल किया जाए। इन क्षेत्रों में विकास कार्य करने के लिए कंपनियां आगे आएं और सीएसआर मद के बजट से मदद करें। *सीएसआर मद से विकास नही होने पर जताई कड़ी नाराजगी, दिए जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश*बैठक में अधिकारियों को कहा कि जिले के विभिन्न सीमेंट संयंत्रों के द्वारा वर्ष 2022-23 में सीएसआर के तहत 10.56 करोड़ रुपये विभिन्न कार्य स्वीकृत किए थे। जिसमें से सभी उद्योगों को सीएसआर फंड के तहत शासन द्वारा 3.25 करोड़ के कार्य सौंपे गए थे। जिसमें 2.02 करोड़ का कार्य पूर्ण हुआ है। और 1.47 करोड़ का कार्य अभी भी शेष रह गया है।

बचे हुए सीएसआर राशि की जल्द से जल्द वित्तीय वर्ष समाप्ति के पूर्व कार्य कराने के निर्देश दिए। उक्त कार्यों में अंबुजा सीमेंट संयंत्र रवान द्वारा 3 करोड़,अल्ट्राटेक हिरमी द्वारा 2 करोड़,अल्ट्राटेक रावन 1.7 करोड़,न्यू विस्टा रिसदा द्वारा 1.5 करोड़, एवं श्री सीमेंट खपराडीह के द्वारा 1.5 करोड़ के कार्य निष्पादित किए गए थे।

कलेक्टर ने सभी प्लांट के अधिकारियों को साफ तौर पर कहा कि स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराए युवाओं को उनकी योग्यता के हिसाब से कुशल,अर्धकुशल,अकुशल वर्ग में नौकरी दिया जाए. एवं सभी सीमेंट प्लांट के अधिकारियों से विभिन्न प्लांटो में नौकरी पर रखे स्थानीय व्यक्तियों की आंकड़े समय सीमा पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। ताकि स्थानीय लोगों के रोजगार का वास्तविकता से प्रमाणित हो सके। इसके साथ ही उक्त कार्य की कड़ी निगरानी करने के निर्देश कलेक्टर ने सम्बंधित अधिकारियों को दिए है. ताकि सीएसआर मद से बचे हुए विकास कार्य को पूर्ण किया जाए।

जिले में अभी तक क्या क्या कार्य हुए है और कितने कार्य अपूर्ण है सभी जानकारी उपलब्ध कराने की बात कही। वर्ष 2023-24 के लिए नवीन सीएसआर मद 11.10 करोड़ राशि प्रस्तावित की गई है। जिसके लिए प्रशासन 12 महीनों का वार्षिक कैलेंडर कार्य बनाएंगे जिसमें हर 4 माह के लिए कार्य निर्धारित किया जाएगा। सीएसआर मद के तहत पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए वृक्षारोपण पर विशेष कार्य के साथ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत ग्राम स्तर पर कार्यक्रम कराने तथा जिला स्तर पर बड़े विविध जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने की बात कही। उक्त बैठक में विभिन्न प्लांटो के सभी सीएसआर अधिकारियों के साथ एडीएम राजेंद्र गुप्ता,जिला व्यापार एवं उद्योग महाप्रबंधक लकड़ा, जिला खनिज अधिकारी के. के. बंजारे उपस्थित रहे।

## तक्षशिला एडुकेशन सेंटर में वार्षिक उत्सव और सम्मान समारोह का आयोजन हुवा

**चंद्रप्रकाश टोंडे की रिपोर्ट सिमगा।** तक्षशिला एडुकेशन सेंटर शंकर नगर सिमगा में वार्षिक उत्सव और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसके मुख अतिथि के रूप में अध्यक्ष नगर पंचायत सिमगा श्री भागवत सोनकर रहे अध्यक्षता श्री शिवधारी देवांगन संसद प्रतिनिधि , अतिविशिष्ट अतिथि सूर्यकांत ताम्रकार जी, नारायण निसाद जी अंकित सिंह जी ष्ह्यष् द्गस्त्रद्व बलौदा बाजार , राजेश जैन जी, रामकुमार धुव सर जी और की उपस्थिति में , कार्यक्रम की शुरुवात माँ सरस्वती की पूजा वंदना से किया गया, तक्षशिला एजुकेशन सेंटर की पांच वर्ष पूरे होने की खुशी में अतिथियों और तक्षशिला एजुकेशन सेंटर की संचालक श्री दीपक साहू , शिक्षकों के साथ मिलकर केक काट कर खुशी जाहिर की।



मुख्य अतिथि ने सेंटर की बच्चों को संबोधित करते हुवे बताये की हमे पढ़ाई का करे लेकिन नौकरी को प्राथमिकता न दे कर स्वरोजगार उत्पन्न करने की बात कही ताकि स्वयम का विकाश हो। श्री शिवधारी देवांगन जी ने बच्चों को बताया तक्षशिला एजुकेशन सेंटर के संचालक स्वरोजगार स्थापित कैसे करे इसके उदाहरण दिए। अंकित जी ने ष्ह्यष् और डिजिटल इंडिया के बारे में बताया सभी अतिथियों ने तक्षशिला एजुकेशन सेंटर शिक्षकों को पांच वर्ष कुशल बीत जाने की बधाई दी। हरसंभव मंदद करने की आश्वासन दी। इसके पश्चात शासकीय मिडिल स्कूल किवाई , शासकीय आदर्श स्कूल सिमगा , तथा स्थानीय शंकर नगर के बच्चों ने कर्मा , पंथी, सेवा, रीमिक्स गानों में पारम्परिक पोसक पहन कर बहुत ही सुंदर नृत्य प्रस्तुत किये।

आपको बता दे तक्षिला एजुकेशन के तत्वधान में कक्षा 12 में सिमगा नगर प्रथम स्थान प्राप्त नम्रता महिलांग के साथ जो सेंटर में कोचिक की छात्र है। उनको सम्मानित किए। साथ मे गीता पब्लिक स्कूल , शासकीय बालक हा से स्कूल सिमगा, शासकीय कन्या हा से स्कूल सिमगा, वंदना पब्लिक स्कूल सिमगा के 10वी तथा 12वी छात्रों जिन्हों ने अपने स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किये थे उनको बधाई और सुभकामनाओं के साथ प्रशस्ति प्रदान कर सम्मनित किये...आपको बता दे सिमगा नगर की यह पहली एजुकेशन संस्था जिन्हों ने सामूहिक रूप से वार्षिक उत्सव का आयोजन किये था यह सिमगा नगर का एक मात्र संस्था है जो इंटर नेशनल सर्टिफिकेट तथा जिला उद्योग कार्यालय से जुड़ा सेंटर सेंटर है। कार्य क्रम में सेंटर संचालक दीपक साहू एव शिक्षक योगेन्द्रराज टंडन , रिंकू सेन , सोमनाथ साहू अंजनी विस्वकर्मा , दीपक वर्मा , टिकेश साहू, रामकिशुन साहू, नितेश साहू , खिबिराम साहू, वीर सोनकर , प्रतिज्ञा गोश्वामी , छात्र छात्राओं के साथ पालक गण उपस्थिक रहे।

## जबलपुर के लीलाराम जुलाहे की सारंगी बने आकर्षण

**राजिम।** यूं तो माघी पुन्नी मेला में अनेक रंग देखने को मिल रहें है लेकिन इस बार मध्यप्रदेश के जबलपुर से लीलाराम जुलाहे अत्यंत प्राचीन वाद्ययंत्र सारंगी लाये हुए है जो आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। एक टोकरी में सिर में लादकर तकरीबन तीन दर्जन से अधिक सारंगी रखे हुए है। वह उसे लेकर लोगों को बजाकर सुनाते भी है। फिल्म नदिया के पार के गीत कौन दिशा में लेके चला रे बटुहिया...., बहु चर्चित फिल्म सावन को आने दो के गीत चांद जैसे मुखड़े पे बिंदिया सितारा.... ने समां बांध दिया। उन्होंने हूबहु म्यूजिक दिया। सारंग की आवाज सुनने के लिए ही लोग इकट्ठे हो रहें थे। लीला राम जुलाहे ने बताया कि राजिम मेला में पहली बार आया हूं।

भगवान कुलेश्वरनाथ महादेव का दर्शन किया और प्रतिदिन त्रिवेणी संगम में स्नान कर रहा हूं। मेरे अच्छे भाग्य है नतीजा धर्मनगरी में मुझे आने का सौभाग्य मिला। लीला राम जुलाहे की उम्र 65 वर्ष हो गयी है 10 वर्ष की उम्र से सारंगी बेच रहे है। पिछले समय नागपुर शहर में सारंगी की खूब बिक्री की थी अब राजिम मेला में धंधे अच्छी हो रही है।

## कार्यकर्ता एकजुट होकर विस चुनाव की तैयारी में जुट जाये -राठौर

**चंद्रप्रकाश टोंडे के रिपोर्ट सिमगा।** भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के सिमगा मंडल के 4 शक्तिकेन्द्र मनोहरा, कचलोन, दरचुरा और ढेकूना की बैठक सम्पन्न हुई बैठक को संबोधित करते हुए विधानसभा प्रभारी रायपुर शहर के पार्षद सूर्यकांत राठौर ने कहा यह कामकाजी बैठक है मुझे भाटापारा विधानसभा का चुनाव प्रभारी बनाया गया है और मैं सभी शक्ति केंद्र में जाकर भारतीय जनता पार्टी के जैसे श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं के बीच में बैठकर उनकी राय लेकर पार्टी को मजबूत करने के लिए यहां पर आया हूं श्री राठौर ने कहा कि अब समय आ गया है कि हम सब कार्यकर्ता एकजुट होकर चुनाव की तैयारी में भीड़ जाएं क्योंकि चुनाव में ज्यादा समय नहीं है और हम सबको अपने-अपने पोलिंग बूथ को मजबूत करने का कार्य करना है हम अगर आज से कमल कर लेंगे तो आने वाले चुनाव में हम विधायक और छत्तीसगढ़ प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाएंगे श्री राठौर ने कहा छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल की सरकार झूठ का पुलिंदा है ना तो युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दिया गया नाही मितानिन ओखा कर्जा माफ किया गया उल्टा ह्द्गड्डस्न4-ह्लश-द्गड्डह्ल का कार्य हमारी बहनों से छीनकर उत्तर प्रदेश के शराब ठेकेदार को दे दिया क्या यह इस बात को इंगित करता है कि कांग्रेस की सरकार 15 साल से वनवास खेल रही थी वह सिर्फ और सिर्फ छत्तीसगढ़ की जनता को लूटने का कार्य कर रही है श्री राठौर ने कहा अभी आप सबके बीच में मैं शक्ति केंद्र में आ रहा हूं उसके बाद में पोलिंग बूथ तक जाऊंगा और पार्टी को मजबूत करूंगा भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के किसान नेता अनिल पांडे ने कहा अब समय आ गया है कि आप सब तैयार हो जाओ हम सब मिलजुल कर इस छत्तीसगढ़ प्रदेश से भूपेश बघेल को बाहर का रास्ता दिखाएंगे जो सरकार ना किसानों के हित में कार्य किया हो ना नौजवान के हित में कार्य किया हो उस सरकार को 1 मिनट भी सत्ता में रहने का अधिकार नहीं है श्री पांडे ने कहा 36 घोषणा करके सरकार सत्ता में आई थी लेकिन एक भी घोषणा इस सरकार के द्वारा पूरा नहीं किया गया आज कांग्रेस के मुख्यमंत्री उसके मंत्री सिर्फ और सिर्फ अपना जेब भरने का काम कर रहे हैं और छत्तीसगढ़ के पैसा को अपने आका के पास पहुंचाने का काम कर रहे हैं ।

## कामता में क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में अभिनव यदु



**चंद्रप्रकाश टोंडे की रिपोर्ट सिमगा :** ग्राम कामता में क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन के शुभ अवसर पर पुरुस्कार वितरण करने पहुँचे मुख्यातिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत सदस्य अभिनव यदु जी, अध्यक्षता करते हुए प्रतिनिधि जनपद सभापति चंद्रशेखर साहु जी ने भीं किया पुरस्कार वितरण ,प्रतियोगिता का फाइनल मैच सिमगा क्रिकेट क्लब एवम तरपोंगी क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया,जिसमे सिमगा क्रिकेट क्लब विजेता एवम तरपोंगी क्रिकेट क्लब उपविजेता रहा,अतिथियों द्वारा खिलाड़ीयो को पुरुस्कार वितरण कर बधाई दिया गया,इस अवसर पर रोहित साहू जी,ज्ञान दास साहू जी,कंस साहू जी,बिसाहू जी,यसवंत साहू जी,चैन सिंग ध्रुव जी,रामकुमार जी,महेश साहू जी,राजू वर्मा जी,खिलेश वर्मा जी,संतोष वर्मा जी,गोलू जी,राजीव युवा मितान क्लब के अध्यक्ष देवेन्द्र ध्रुव जी,कोषाध्यक्ष ईश्वर वर्मा जी,सचिव नागेश साहू जी,वागेश पूरी जी,धनेश ध्रुव जी,मनहरण जी मौजूद रहे ।

मुख्यातिथि श्री अभिनव यदु जी द्वारा सभी खिलाड़ियों को बधाई देकर उत्कृष्ट खेल दिखाने के लिए बधाई देकर उज्वल भविष्य की शुभकामना दिया गया।

## तरेंगा-रोहरा मार्ग पर अज्ञात वाहन की ठोकर से दुर्घटना,बाईक सवार दो की मौत एक गंभीर रूप मे घायल

**अज्ञात वाहन की टक्कर से 2 की मौत 1 की हालत गंभीर...तरेगा-रोहरा के बीच बाईक सवार तीनों को अज्ञात वाहन ने पीछे से मारी टक्कर...बाईक सवार 2 युवको की घटना स्थल पर मौत गंभीर रूप से घायल एक नाबालिक को इलाज के लिए भेजा गया जिला अस्पताल...मध्य रात्रि को भाटापारा आते समय हुआ हादसा..**

**भाटापारा( भारत भास्कर )** - भाटापारा अंतर्गत रोहरा-तरेगा मार्ग पर भयंकर दुर्घटना सामने आई जिसमे 2 लोगो की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल है जिसे इलाज के लिए भाटापारा प्राथमिक स्वास्थय केंद्र लाया गया था वही गंभीरता को देखते हुए जिला अस्पताल रिफर किया गया । मोहभट्ठा निवासी संजय गेंडरे और देवराज दिवाकर और नादघांट का रहने वाला समीर टंडन तीनो एक बाइक मे सवार होकर अपने निजी कार्य से मोहभटठा से तरेगा आ रहे थे तभी मध्य रात्रि के समय पीछे से किसी अज्ञात वाहन मे जमकर ठोकर इनके बाइक को मार दी





जिसमे संजय गेंडरे और समीर टंडन की मौके पर ही मौत हो गई वही देवराज दिवाकर जो नाबालिक है वो गंभीर रूप मे घायल हो गया था जिसे इलाज के लिए भाटापारा स्वास्थय केंद लाया गया जिसकी गंभीर अवस्था को देखते हुए जिला अस्पताल बलौदाबाजार रिफर किया गया। वही पुलिस अज्ञात वाहन की खोज मे जूटी हुई है ।

# रविवार को माघी पुन्नी मेला में उमड़ा जनसैलाब : सन्डे रहा फन डे

**राजिम।** माघी पुन्नी मेला के दूसरे रविवार को देखते ही देखते जनसैलाब उमड़ गया। हर तरफ भीड़ देखी जा रही थी। चाहे वह मीना बाजार, मंदिर, संगम नदी हो या फिर महोत्सव मंच। सांस्कृतिक कार्य को देखने के लिए तो दर्शक टूट पड़े थे। चूंकि बीते रविवार को माघ पूर्णिमा के दिन से मेला की शुरूआत हुई और अब मेला अपने पूरी शबाब पर है। जानकारी के मुताबिक यह भीड़ प्रतिदिन महाशिवरात्रि तक बढ़ती ही जायेगी।

उल्लेखनीय है कि धर्म क्षेत्र राजिम तीन जिला गरियाबंद, रायपुर, धमतरी से जुड़ा हुआ हैं। दो बड़े शहर राजिम और नवापारा इसके तट पर बसा हुआ है।

### पहुंच रहें देश भर से श्रध्दालु

माघी पुन्नी मेला की धमक न सिर्फ छत्तीसगढ़ तक सीमित है बल्कि देश-विदेश में इनकी ख्याति आज भी बरकरार है मेला देखने आये रायगढ़ के 70 वर्षीय झुमुक लाल ने बताया कि मोहल्ले में बहुत से लोगों को मैने मेला जाने की जिद करते रहें लेकिन कोई तैयार नहीं हुआ। बोले अगले सप्ताह जायेंगे मै ज्यादा इंतजार नहीं कर सकता था इसलिए अकेला चला आया। मध्यप्रदेश के दीपमाला महाराष्ट्र के तान्या, बबलु, दीपेश, मोहनीश अपने परिवार के साथ में भगवान राजीवलोचन का दर्शन किये और वह अत्यधिक प्रसन्न है। देश के कोने-कोने से श्रध्दालुगण बड़ी संख्या में पहुंच रहें है।

### लक्ष्मण झुला श्रध्दालुओं की पहली पसंद

मेले में आने वाले प्रत्येक श्रध्दालुओ की लक्ष्मण झुला पहली पसंद बन गयी है। यह पहला मौका है कि मेले पर लोग सीधे लक्ष्मण झुला से होकर संगम के मध्य स्थित महादेव के मंदिर पहुंच रहे है। जानकारी के मुताबिक क्षमता से अधिक न हो इसलिए दोनों ओर सुरक्षा गार्ड तैनात किए गये है। प्रवेश एवं निर्गमन द्वार को छोटा किया गया है। ताकि ज्यादा भीड़ न हो पाये। करीब 33 करोड़ की लागत से बने लक्ष्मण झुला की लम्बाई 610 मीटर है। आर्च की ऊंचाई से सुंदरता बढ़ गयी है। रात्रि में लाइट की रोशनी से जगमगा उठता है अधिकतर परिवार के साथ में लोग लुफ्त उठा रहें है।

### मौत का कुआं में करतब देखने लगी लंबी लाइन

मीना बाजार मेलार्थियों से गुलजार रहा। सुबह 11 बजे से लोगों के आने जाने का क्रम शुरू हुआ। अपरान्ह 2 बजे तक अच्छी खासी भीड़ देखी गयी। शाम तक तो धक्का खाने की स्थिति निर्मित हो गयी थी। चप्पे-चप्पे पर तैनात पुलिस के जवान ने व्यवस्था संभाली। मौत का कुंआ में एक साथ बाईक एवं कार के द्वारा किये जाने वाले करतब दर्शकों को हैरत में डाल देती है। रेंजर झुला, आकाश झुला, डिस्को झुला, थ्री डी कोस्टर झुला के साथ मिठाई दुकानें, लोहे की दुकान कपड़े तथा वाद्ययंत्र की दुकाने आदि पर भीड़ बनी रहीं।

### गाड़ियों का रूट बदला

भीड़ को देखते हुए गाड़ियों का रूट बदला गया है। इस बार पार्किंग के लिए राजिम पहुंचने वाले प्रत्येक सड़कों पर व्यवस्था की गयी है। राजिम पुल के बीच में बैरीकेट्स लगाकर आने जाने के लिए डिवाइड किया गया है। चार पहियां वाहनों को बाहर से होकर निकाली जा रही थी। रायपुर से पहुंचने वाली गाड़िया नवापारा से होते हुए बेलाही पुल, चौबेबांधा से होकर जिला मुख्यालय गरियाबंद जाने की व्यवस्था की गई है। यात्री गाड़ियां में खचाखच भीड़ रही। रायपुर, महासमुन्द, गरियाबंद, धमतरी से राजिम आने वाले बसे ठसाठस रहीं।

हर दस-दस मिनट में ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित होती रही। नवापारा बस स्टैण्ड से लेकर चंपारण चौंक, मैडम चौक, राजिम पुल, पं. श्यामाचंरण शुक्ला चौक, पं. सुंदरलाल शर्मा चौक, सुभाष चौक, महासमुंदर मार्ग पर शिवाजी चौक, श्रीराम चौक, मंडी चौक, गरियाबंद राष्ट्रीय राजमार्ग पर गोवर्धन चौक, महामाया चौक, राजिम भक्तिन माता चौक, चौबेबांधा तिराहा आदि पर ऐसी भीड़ी पहली बार देखी गई।

# आदिवासी आरक्षण पर नड्डा की चुप्पी बस्तरियों को चुभ रही है - रेखचंद जैन

**जगदलपुर।** संसदीय सचिव और जगदलपुर विधायक रेखचंद जैन ने कहा कि आदिवासी आरक्षण पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी.नड्डा की चुप्पी बस्तरियों को चुभ रही है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी.नड्डा के बस्तर आगमन पर यहां के लाखों परिवारों में यह आस जगी थी कि वे आरक्षण पर भाजपा का पक्ष रखने के साथ उन लाखों परिवारों की चिंता कर कोई राहत दिलाने की घोषणा करेंगे, लेकिन वे महज भाषण ठोंककर चले गए। उनकी सभा में मौजूद भाजपा के वे हजारों कार्यकर्ता भी दुखी व मायूस हुए जो नौकरी व रोजगार के माध्यम से अपने बच्चों का भविष्य संवरने का सपना लेकर पहुंचे थे।

मीडिया को जारी बयान में श्री जैन ने कहा है कि बस्तर की जागरूक जनता को अब भाजपा नहीं बरगला सकती है। छत्तीसगढ़ राज्य विधानसभा ने नवंबर 2022 को सर्वसम्मति से राज्य में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्गों तथा आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग का आरक्षण तय किया था। राज्य के आदिवासी समुदाय का बड़ा हिस्सा बस्तर में निवासरत है। बस्तर संभाग में औसतन 75 प्रतिशत जनसंख्या आदिवासी समुदाय की है। बस्तर



की पहचान देश के प्रमुख जनजातीय क्षेत्र के रूप में है। ऐसे में यहां के मूलनिवासी आदिवासी समुदाय के लोग यह आश्वस्त थे कि श्री नड्डा अपने सम्बोधन में इस बात का उल्लेख करेंगे और राज्यपाल को आरक्षण विधेयक पर हस्ताक्षर करवाने के लिये कोई ठोस घोषणा मंच से करेंगे लेकिन श्री नड्डा महज इधर उधर की बात कर चले गए। इससे सभा में आये हजारों अजजा समुदाय के लोग निराश हुए, श्री जैन ने कहा है कि राज्यपाल के हस्ताक्षर न करने से छत्तीसगढ़ सहित बस्तर में रोस्टर प्रणाली प्रभावित हो रही है। रोजगार के साथ दाखिले पर पडने वाले असर का प्रभाव आगामी दिनों में नजर आयेगा। भाजपा की चुप्पी आरक्षित वर्गो पर भारी पड़ रही है।

जगदलपुर विधायक रेखचंद जैन ने कहा है कि श्री नड्डा अपने भाषण में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह का बखान करते रहे जबकि चार साल पहले बस्तर की जनता ने उन्हें, उनके कुशासन और उनके प्रतिनिधियों को रिजेक्ट कर दिया था। श्री नड्डा को जनता को यह भी बताना चाहिए कि क्या आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा डॉ. रमन सिंह को अपना मुख्यमंत्री का चेहरा मानती है। बस्तर लोकसभा सीट पर जनता ने कांग्रेस को आशीर्वाद दिया था। यहां के जागरूक मतदाता लोकसभा व विधानसभा के चुनाव में श्री मोदी व डॉ. रमन को आइना दिखा चुके है। महंगाई, बेरोजगारी आदि पर भाजपा के बोल की पोल खुल चुकी है,

# स्वामी आत्मानंद स्कूल जावंगा में थाना प्रभारी गीदम ने पढ़ाया यातायात जागरूकता का पाठ

- बताये सड़क दुर्घटना से बचने के उपाय
- पढ़ाई के साथ-साथ स्कूल द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को किया पुरस्कृत







**दंतेवाडा ( भारत भास्कर )** जिला दन्तेवाड़ा में सिद्धार्थ तिवारी (भा.पु.से.) पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा एवं आर. के. बर्मन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, दन्तेवाड़ा के दिशा-निर्देशन तथा सुश्री आशारानी पुलिस अनुविभागीय अधिकारी - बारसूर के पर्यवेक्षण में जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं में को देखते हुए सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने व बच्चों के विरूद्ध होने वाले अपराधों से बचाव हेतु जागरूकता लाने के उद्देश्य से आज दिनांक 13.02.2023 को निरीक्षक सलीम खाखा थाना प्रभारी गीदम के नेतृत्व में थाना गीदम क्षेत्र के जावंगा स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के छात्र-छात्राओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया 1 जन-जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को वर्तमान में घटित हो रहे सायबर अपराधों, ऑनलाईन ठगी, बैंकिंग फ्रॉड, सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले अपराध तथा नाबालिक बच्चों के साथ होने वाले अपराधों, गुड टच, बैड टच आदि की जानकारी देकर अपराधों से बचाव हेतु उपाय बताये गए इसी प्रकार सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए सुरक्षित यातायात के नियम बताये गये नाबालिक बच्चों को वाहन नहीं चलाने हेतु समझाईश दी गई । उपस्थित छात्र-छात्राओं को स्कूल आते-जाते समय हमेशा बायीं ओर चलने, सड़क में भाग-दौड़ नहीं करने, झुण्ड में नहीं चलने, बस में उतरते चढ़ते समय दौड़ नहीं लगाने जागरूक किया गया। छात्र-छात्राओं को सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए अपने परिवार के सदस्यों को दुपहिया वाहन चलाने की स्थिति में अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने, चार पहिया की स्थिति में सीट बेल्ट लगाने व नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने हेतु घर जाकर परिजनों को बताकर यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक करने अपील की गई। स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल की ओर से आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र - छात्राओं को मौके पर थाना प्रभारी गीदम द्वारा पुरस्कृत कर हौसला आफजाई की गई तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गई ।

# किसान हितैषी बनने का ढोंग करने वाली कांग्रेस को पदयात्रा निकालने का नैतिक अधिकार नहीं है - रूपसिंह मंडावी

- किसानों के रकबा में कटौती कर पंजिकृत सभी किसानों का धान लेने वाली कांग्रेस को किसानों का जवाब मिलेगा



**जगदलपुर ।** भाजपा के बस्तर जिला अध्यक्ष रुपसिंह मंडावी ने कहा कि किसान हितैषी बनने का ढोंग करने वाली कांग्रेस को पदयात्रा की शुरुआत कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के गृह ग्राम कोडागांव जिले के बड़ेराजपुर से करना चाहिए था, किसानों के खेत के रकबा में कटौती करने के कारण बड़ेराजपुर के एक किसान ने आत्महत्या कर लिया था। जिसकी सुध कांग्रेस की सरकार ने आज तक नहीं लिया उस कांग्रेस को किसान हितैषी बन कर पदयात्रा निकालने का नैतिक अधिकार नहीं है।

श्री मंडावी ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार प्रदेश के किसानों के खेत का रकबा कम कर किसानों का पूरा धान नहीं खरीद कर किसानों को आत्महत्याा करने के लिए मजबूर करने वाली कांग्रेस की सरकार सत्ता के मद में इस तरह व्यवहार कर रही है कि उससे अधिक किसानों का हितैषी और कोई नहीं है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है, जहां किसान का रकबा कम कर उसकी पूरी फसल नहीं लेने से किसान परेशान हैं वहीं पंजिकृत सभी किसानों का धान लेने में असफल रही कांग्रेस की सरकार आंकड़ों में अपनी उपलब्धि गिनाने में लगी हुई है।

उन्होने कहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के गृह ग्राम कोडागांव जिले के बड़ेराजपुर में जिस किसान ने आत्महत्या कर लिया है उसके परिवार को पर्याप्त मुआवजा देकर राहत पहुंचान चाहिए था, लेकिन ठीक इसके विपरीत किसानों के हितैषी बनकर कांग्रेस पदयात्रा का ढ़ोंग करने में लगे हुए हैं। जिस कृषि कानून के विरोध में कांग्रेसी पदयात्रा निकाल रहे हैं, उस कानून में किसानों का हित निहित है। कांग्रेस संसद से लेकर सड़क तक यह बताने में नाकामयाब रही है, कि कृषि कानून में किसानों के विरूध्द क्या है, कांग्रेस की यह साजिश भी नाकाम होगी।

# नक्सलियों ने हितामेटा के पूर्व सरपंच की चाकू मारकर हत्या कर दी

**दंतेवाड़ा।** जिले के बारसूर थाना क्षेत्र अंर्तगत ग्राम हितामेटा के पूर्व सरपंच रामधर आलमी 50 वर्ष की नक्सलियों ने चाकू मारकर हत्या कर दी। पूर्व सरपंच पारिवारिक कार्य से ग्राम मुरुमवाडा गए हुए थे, जहां नक्सलियों ने शनिवार रात को रामधर की हत्या कर शव को फेंक दिया था, ग्रामीणों ने रविवार की सुबह शव देखने के बाद इसकी सूचना पुलिस को दी। नक्सलियों के पूर्व बस्तर डिवीजन कमेटी ने इस हत्या की जवाबदारी ली है। नक्सलियों ने घटना स्थल पर एक पर्चा भी फेंका है, जिस पर पूर्व सरपंच पर 2017 से पुलिस की आत्मसमर्पण योजना में सहयोग करने, गोपनीय सैनिक का काम करने, बोधघाट परियोजना में पैसा खाने का आरोप लगाया गया है। नक्सलियों ने लिखा है, कि तीन बार समझाइश के बाद भी पूर्व सरपंच जनविरोधी कार्य कर रहा था, इसलिए इसे मौत की सजा दिया जा रहा है। दंतेवाड़ा एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने इसकी पुष्टि की है।

उल्लेखनिय है कि नक्सल प्रभावित बस्तर संभाग में स्थानिय जनप्रतिनिधियों की नक्सली हत्या का सिलसिला थम नहीं रहा है। बीते पांच दिनों में नक्सलियों ने तीन जनप्रतिनिधियों की हत्या कर दी है। ताजा मामला दंतेवाड़ा जिले के बारसूर थाना क्षेत्र अंर्तगत ग्राम हितामेटा के पूर्व सरपंच की नक्सलियों ने हत्या कर दी है। इससे पहले नक्सलियों बीजापुर और नारायणपुर में भी भाजपा के स्थानीय नेताओं को मौत के घाट उतार दिया।

# मुर्गाबाजार में हुए अंधे कत्ल का आरोपी गिरफ्तार

**जगदलपुर।** ग्राम करकापाल के मुर्गाबाजार 05 फरवरी को हुई अंधे कत्ल के गुत्थी को बोधघाट पुलिस ने सुलझाते हुए हत्या के आरोपी राजेश पूनेम पिता मंगू पुनेम उम्र 22 वर्ष निवासी 36 चार्टर के पास महारानी वार्ड को गिरफ्तार किया है। आरोपी से उसका मोबाईल व सिम सहित घटना में प्रयुक्त आलाजरब तथा मृतक का फाड़े हुए पैंट का टुकड़ा जिसे मुर्गा बाजार जाने वाले रास्ते में रोड किनारे झाड़ियों में फेंका था, गवाहों के समक्ष मेमोरेण्डम कथनानुसार जप्त किया जाकर 12 फरवरी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 05 फरवरी को ग्राम करकापाल मुर्गाबाजार में एक व्यक्ति की मृत अवस्था में पड़े होने की सूचना पर ग्राम करकापाल मुर्गाबाजार में जिले के आला अधिकारी सहित थाना बोधघाट के पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर प्रार्थी रघुनाथ बजरंगी पिता हरिहर बजरंगी



निवासी कुम्हारपारा अटल आवास की रिपोर्ट पर धारा 174 जाफौ. के तहत मर्ग कायम कर मर्ग जांच में प्रथम दृष्टया मामला हत्या का होने से धारा 302 भादवि. का अपराध किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा कारित करना पाये जाने पर धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। सायबर सेल जगदलपुर से तकनीकी सहायता प्राप्त कर मुर्गा बाजार में आने जाने वाले लोगों एवं दिनांक समय घटना दौरान घटनास्थल पर उपस्थित संदेही राजेश पूनेम पिता मंगू पुनेम उम्र 22 वर्ष निवासी 36 चार्टर के पास महारानी वार्ड जगदलपुर जिला बस्तर छग. को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपना जुर्म कबूल करते हुए कहा कि घटना दिनांक अपने दोस्तों के साथ मोटर सायकल में करकापाल मुर्गाबाजार गया था। मुर्गा लड़ाई दौरान दांव भी लगाया और पैसा हार गया। शाम को लगभग 06 बजे मुर्गा बाजार बंद होने के बाद अपने दोस्तों को देखा जो नहीं दिखे सभी चले गये थे। कुछ दुकान वाले अपना सामान समेट रहे थे। वहीं मुर्गा बाजार में आया एक व्यक्ति मृतक देबोनंदो बजरंगी पिता हरिहर बजरंगी उम्र 46 वर्ष निवासी कुसुमपाल आड़ावाल मिला जिसके साथ बैठकर दारू पीने लगे, इधर अंधेरा होने के कारण सभी लोग बाजार से चले गये थे। अंधेरा होने के कारण अपने मोबाईल के फ्लैश लाईट को चालू करके उजाला में बैठे थे, उसी दौरान उस व्यक्ति मृतक देबोनंदो बजरंगी के द्वारा मोबाईल लेकर भागने लगा फिर आरोपी के द्वारा वही पर से एक बांस का डंडा से उसके पीछे सिर में दो-तीन बार मारा आरोपी ने उस व्यक्ति को लात घूंसे से मारपीट करने दौरान पास में रखे लोहे के चैकोरनुमा टुकड़ा से उस व्यक्ति के चेहरे गले के उपर कई बार वार करते हुए उसके पैंट को दो हिस्सों में फाड़ते हुए उसके एक हिस्से से गले में लपेटकर गांठ लगाकर गला घोंटकर हत्या करना बताया।

# नेशनल लोक अदालत में सड़क दुर्घटना में मृतक के परिजनों को मिले 1 करोड़ 52 लाख रूपये

## लोक अदालत के जरिये रिश्तों की दूरियां हुई कम

**दंतेवाड़ा( भारत भास्कर )।** जिले में बीते दिन आयोजित नेशनल लोक अदालत में जिला न्यायाधीश के समक्ष प्राप्त प्रकरणों में दो ऐसे प्रकरण मिले, जिनमें वाहन दुर्घटना में मृतक के परिजनों एवं प्रेम विवाह के बाद सामंजस्य न बन पाने की वजह से तलाक हेतु आवेदन दिये गये थे। इन प्रकरणों पर जिला न्यायाधीश, दंतेवाड़ा अब्दुल जाहिद कुरैशी, ने संवेदनशीलता पूर्वक विचार कर न्यायालय के मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण में वाहन दुर्घटना के फलस्वरूप मृत्यु के मामले में आवेदकगण ने बीमा कंपनी एसबीई जनरल इंश्योरेंस कंपनी रायपुर के साथ कुल 70 लाख रूपये में समझौता किया। दावा प्रकरण में मृतक स्व. सोमड़ा कवासी की मृत्यु होने पर 11 अप्रैल 2022 को कुल 77 लाख 10, हजार रूपये की क्षतिपूर्ति के लिए पेश किया गया था, जिसमें जिला न्यायाधीश द्वारा उभयपक्ष के साथ प्री-सिटिंग कर समझाइश दिया गया था।

दूसरे प्रकरण में जिला न्यायाधीश दंतेवाड़ा कुरैशी, के न्यायालय के एक अन्य मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण में वाहन दुर्घटना के फलस्वरूप मृत्यु के मामले में आवेदकगण से बीमा कम्पनी जनरल इंश्योरेंस कंपनी रायपुर के साथ आज कुल 75 लाख रूपये में समझौता किया गया और मामले का सहजता



से निराकरण हुआ। यह दावा अशोक कुंजाम की मृत्यु होने पर 19 जुलाई 2022 को कुल 1 करोड़ 10, लाख क्षतिपूर्ति के लिए पेश किया गया था, जिसमें जिला न्यायाधीश द्वारा उभयपक्ष के साथ प्री-सिटिंग कर समझाइश दिया गया था, जिसके फलस्वरूप आज इस प्रकरण में सफलतापूर्वक राजीनामा सम्पन्न हुआ। इस समझाईश में जिला न्यायाधीश दंतेवाड़ा के अलावा खंडपीठ के सदस्य अशोक जैन अधिवक्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता श्री पवन शर्मा तथा आवेदकगण की ओर से हरिलाल डेगल अधिवक्ता एवं बीमा कम्पनी की ओर से राजेश भदौरिया अधिवक्ता जगदलपुर का भी योगदान रहा है।

शैलेश शर्मा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी, दंतेवाड़ा के न्यायालय में बीते दिन एक पारिवारिक मामला वर्ष 2022 से लंबित था, जिसमें पक्षकार का विवाह वर्ष 2018 में प्रेम विवाह हुआ था। ये विवाह के बाद तलाक का आवेदन प्रस्तुत किए थे। परंतु आज नेशनल लोक अदालत में जिला न्यायाधीश अब्दुल जाहिद कुरैशी, एवं सुलहकर्ता सदस्यगण तथा आर.एन. ठाकुर अधिवक्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती सुमन प्रभा यादव एवं उक्त पीठासीन अधिकारी शैलेश शर्मा के द्वारा पक्षकारों को समझाइश दिए जाने पर दोनों पति-पत्नी पारस्परिक सहमति के आधार पर अपना प्रकरण वापस लेने के लिए तैयार हो गये और अपने परिवार के उज्जवल भविष्य के लिए साथ-साथ रहना स्वीकार किया। विवाह विच्छेद की याचिका वापस लिये।

उनका पारिवारिक विवाद का आज न्यायालय में ही समाधान हुआ और न्यायालय से ही साथ-साथ घर गये और एक परिवार टूटने से बच गया तथा टूटा हुआ परिवार एक हो गया। इसके लिए जिला न्यायाधीश ने उन्हें न्यायालय परिसर में ही पुष्पगुच्छ देकर उनके नये दाम्पत्य जीवन के लिए शुभकामनाएं दिये ।

## ब्रेकिंग न्यूज

### 35 किलो मादक पदार्थ अवैध गांजा के साथ 4 आरोपी गिरफ्तार

**जगदलपुर।** जिले के नगरनार पुलिस को मुखबिर से मिली सूचना पर धनपुंजी में नाकेबंदी कर ओडिशा से तस्करी कर ऑटो में ला रहे 35 किलो मादक पदार्थ अवैध गांजा जब्त कर 04 आरोपियों अमित पटेल, रंजीत पटेल, जउवाद और लवकुश सभी निवासी प्रयागराज उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है। सीएसपी विकास कुमार ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम धनपुंजी फारेस्ट नाका में भेजा गया। नाकेबंदी कर वाहनों की जांच में एक ऑटो पुलिस पार्टी को देखकर वापस भागने की फिराक मे था, घेराबंदी कर पकड़कर ऑटो की जांच में एक अलग से चेम्बर बनाकर दिपाकर रखे 35 किलो मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। आरोपी अमित पटेल, रंजीत पटेल, जउवाद और लवकुश सभी निवासी प्रयागराज उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार चारो गांजा तस्करों के विरुद्ध धारा -20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### कैबिनेट मंत्री लखमा ने निर्माणाधीन एनएच-30 का किया निरीक्षण

**जगदलपुर।** उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने निर्माणाधीन एनएच-30 का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गति को देखते हुए संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने से राहगीरों को कई वर्षों से होने वाली परेशानियों से निजात मिल जायेगी।

### दो दिवसीय गायत्री महायज्ञ पूर्णाहुति-संध्या दीप के साथ संपन्न हुआ

**जगदलपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा बस्तर ब्लाक के बनियागांव के सोलगुड़ा पारा में दो दिवसीय 05 कुंडीय गायत्री महायज्ञ रविवार को पूर्णाहूति के साथ संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूर्णाहूति के साथ ही संध्या दीप महायज्ञ देने के बाद प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान हम बदलेंगे युग बदलेगा के नारे से गांव गुंज उठा। इस दौरान अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा योग के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए योग से होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। योग को अपने जीवन मे रोजाना अपनाकर निरोगी रह सकते हैं, लोगों को जागरूक करते हुए बताया गया, वहीं पानी चिकित्सा, आसन, प्राणायाम आदि के बारे में जानकारियां दी गई। गायत्री परिवार के सदस्यों ने लोगों को व्यसन मुक्ति को लेकर जागरूक किया गया। प्रदर्शनी के माध्यम से व्यसन से होने वाली नुकसान बताने के साथ ही बताया गया कि समाज के जिम्मेदार एवं संभ्रांत व्यक्ति भी नशे का सेवन करना अपना सामाजिक बड़प्पन मानते हैं, पर उनकी ये सोच गलत है। नशापान करना स्वास्थ्य के साथ-साथ सामाजिक दृष्टिकोण से भी ठीक नहीं।

### आवापल्ली-उसूर मार्ग पर शिव मंदिर के पास 3 किलो का प्रेशर आइईडी बरामद

**बीजापुर।** जिले के थाना आवापल्ली अंर्तगत आवापल्ली-उसूर मार्ग पर शिव मंदिर के समीप सुरक्षाबलों ने आज रविवार को एक तीन किलो का प्रेशर आइईडी बरामद करने के बाद मौके पर ही निष्क्रीय कर नक्सलियों के नापाक मंसूबों पर पानी फेर दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर को थाना आवापल्ली और केंद्रीय रिजर्व पुलिस की 196 सीतापुर कैंप द्वारा आरओपी के दौरान मार्ग पर स्थित शिव मंदिर के समीप मुख्य मार्ग से 50 मीटर की दूरी पर पगडंडी से एक तीन किलो का प्रेशर आइईडी बरामद किया है। नक्सलियों द्वारा रोड ओपनिंग के लिये निकली सुरक्षा बलों को क्षति पहुंचाने के लिये प्रेशर आइईडी लगाया गया था, सुरक्षा बलों की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा टल गया। आइईडी की बरामदगी के बाद बीजापुर बीडीएस की टीम ने मौके पर विस्फोटक को निष्क्रिय कर दिया है।

नक्सली पगडंडी मार्ग पर अक्सर प्रेशर आइईडी लगाकर जवानों को नुकसान पहुंचाने का काम करते आ रहे हैं। ज्ञात हो कि 14 जनवरी को पेगडापल्ली में सीआरपीएफ 153 बटालियन का सब इंस्पेक्टर मो. असलम भी इसी तरह के प्रेशर आइईडी की चपेट आने से दायां पैर गंवा बैठा।

### आलदंड के जंगल नक्सलियों से हुई मुठभेड़, नक्सली सामग्री बरामद

**कांकेर।** जिले के छोटे बेठिया थाना क्षेत्र अंर्तगत आलदंड के जंगल की ओर जिला पुलिस और बीएसएफ की संयुक्त पार्टी गश्त पर निकली थी, इसी दौरान आज रविवार सुबह नक्सलियों से मुठभेड़ हुई है, दो बार हुई इस मुठभेड़ में नक्सली अपने को कमजोर पड़ता देख मौके से भग खड़े हुए। मुठभेड़ में 4-5 नक्सलियों के घायल होने का दावा जवानों ने किया है। मौके से दैनिक उपयोग की सामग्री, नक्सली साहित्य के साथ अन्य सामग्री बरामद हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### युवक से मारपीट

**रायपुर।** कैलाश नगर बीरगांव में शराब के लिए पैसे नहीं देने पर तीन युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर उरला पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार नाहरपारा कांपा निवासी प्रार्थी मोहम्मद अज्जू 18 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी योगेश पांडे, कृष्णा पांडे व अन्य ने प्रार्थी से शराब पीने के लिए पैसा मांगा। प्रार्थी द्वारा पैसे नहीं देने पर आरोपियों ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर डंडा से मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर उरला पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506 बी, 323, 327, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सरेआम शराब पीते 24 पकड़ाए

**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 24 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार गोलबाजार पुलिस ने शास्त्री बाजार के पास सरेआम शराब पीते आरोपी प्रवीण देवांगन 25 वर्ष व लाल सिंह शेखावत 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह खमतराई पुलिस ने आरोपी विपिन कुमार गुप्ता 52 वर्ष व मोंटी सिंह 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी टिकेश्वर साहू 32 वर्ष, राम नारायण यादव 35 वर्ष, पोषण यादव 32 वर्ष व गगन निर्मलकर 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं धरसींवा पुलिस ने आरोपी सालिकराम विश्वकर्मा 58 वर्ष व सेजबहार पुलिस ने आरोपी कामता प्रसाद यादव 21 वर्ष व धर्मेन्द्र साहू 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने आरोपी पुलेश्वर साहू 28 वर्ष, दामन साहू 34 वर्ष, दीपक भारती 38 वर्ष व महादेव धीवर 52 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं नेवरा पुलिस ने आरोपी लोकेश निषाद 22 वर्ष, अनील साहू 29 वर्ष, टीकाराम कुर्रे 35 वर्ष व रोहित धीवर 31 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी मनहरण साहू 43 वर्ष, हेमंत साहू 38 वर्ष, हरीश चेलक 24 वर्ष व नरोत्तम निषाद 31 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आरंग पुलिस ने आरोपी नेमीचंद साहू 33 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### पूर्व विवाद में दो पक्ष भिड़े

**रायपुर।** दुबे कालोनी मोवा में पूर्व विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर मोवा पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार दुबे कालोनी मोवा निवासी प्रार्थी निखत परवीन 40 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी सम्मी खान व अन्य ने पूर्व विवाद के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी समीम खान 38 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी परवेज खान, निकहीत परविन व आसमी खान ने पूर्व विवाद को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। दोनों पक्षों की शिकायत पर मोवा पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### बाइक सवार बुजुर्ग की मौत

**रायपुर।** ट्रेक्टर की टक्कर से बाइक सवार बुजुर्ग की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं ट्रेक्टर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक अंबिका प्रसाद यादव 70 वर्ष व नोहर दास बाइक में सवार होकर कहीं जा रहे थे। तभी डोमा से दतरेंगा के मध्य ट्रेक्टर क्रमांक सीजी 04 डीबी 2216 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे अंबिका प्रसाद यादव की मौत हो गई। वहीं नोहर दास को चोट लगा। मामले में सेजबहार पुलिस ने ट्रेक्टर जब्त कर चालक के खिलाफ कार्रवाई की है।

### महिला से मारपीट

**रायपुर।** न्यू आनंद नगर सेंधवार तालाब के पास महिला से गाली-गलौज मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार न्यू आनंद नगर सेंधवार तालाब के पास भनपुरी निवासी प्रार्थिया रामावति वर्मा 40 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी पवन साहू एवं गोलू साहू प्रार्थिया के घर के पास गाली-गलौज कर रहे थे। जिससे प्रार्थिया ने मना किया तो आरोपियों ने प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### युवती से छेड़खानी

**रायपुर।** युवती को बेईज्जत करने के नियत से छेड़खानी कर जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार 23 वर्षीय प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी रूदल बिंद ने प्रार्थिया को बेईज्जत करने के नियत से हाथ बांह पकड़ा। प्रार्थिया द्वारा विरोध करने पर आरोपी ने प्रार्थिया को जान से मारने की धमकी दी। प्रार्थिया की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 354, 506 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

---

आसोदा पंचायत का स्कूल अब बलदेव प्रसाद वर्मा के नाम से जाना जाएगा

# सरलता, सहजता और भाईचारा छत्तीसगढ़ की पहचानः मुख्यमंत्री

■ ग्राम कठिया में कुर्मी समाज और सतनामी समाज के भवन निर्माण के लिए 20-20 लाख रूपए की घोषणा

रायपुर/ संवाददाता

ग्राम कठिया में कुर्मी समाज और सतनामी समाज के भवन निर्माण के लिए 20-20 लाख रूपए की घोषणाआसोदा पंचायत का स्कूल अब बलदेव प्रसाद वर्मा के नाम से जाना जाएगाग्राम कठिया में कुर्मी समाज और सतनामी समाज के भवन निर्माण के लिए 20-20 लाख रूपए की घोषणाआसोदा पंचायत का स्कूल अब बलदेव प्रसाद वर्मा के नाम से जाना जाएगाग्राम कठिया में कुर्मी समाज और सतनामी समाज के भवन निर्माण के लिए 20-20 लाख रूपए की घोषणाआसोदा पंचायत का स्कूल अब बलदेव प्रसाद वर्मा के नाम से जाना जाएगा मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की मूल पहचान सरलता, सहजता और आपसी भाईचारा है। राज्य सरकार पुरखों के बताए हुए रास्ते पर चलकर गरीबों, किसानों, मजदूरों सहित सभी वर्गों के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्राचीन समय में समाज में जो बुराई और कुसंगतिया थी, उसमें सुधार करने का दौर है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज रायपुर जिले के आरंग विकासखंड के ग्राम कठिया (खौली) में आयोजित छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज चंदखुरी राज के 77वें वार्षिक अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने समाज के



पदाधिकारियों की मांग पर कुर्मी समाज के सामाजिक भवन के लिए 20 लाख रुपए और सतनामी समाज के सामाजिक भवन निर्माण के लिए 20 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने आसोदा पंचायत के स्कूल को बलदेव प्रसाद वर्मा के नाम पर करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर समाज की प्रतिभाओं, समाजसेवियों, उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों एवं मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि कुर्मी समाज ने एक प्रगतिशील समाज के रूप में आगे आकर सभी लोगों के विकास के लिए काम किया है। कोरोना काल में भी राज्य के सभी समाज के लोगों ने सेवा की मिसाल पेश की। किसी ने दवाई, किसी ने रहने की व्यवस्था, खाने की व्यवस्था, अस्पताल की व्यवस्था की। उन्होंने कहा कि देश की आजादी, शिक्षा के आंदोलन और छत्तीसगढ़ निर्माण में अपनी सहभागिता निभाई। डॉ. खूबचंद बघेल की दूरदर्शिता का यह परिणाम है कि आज छत्तीसगढ़ नए राज्य के रूप में विकसित हुआ और आज निरंतर विकास के पद पर आगे बढ़ रहा है। आज गरीब परिवार और गांव के बच्चे भी अंग्रेजी स्कूल में पढ़ रहे हैं और समाज को गढ़ने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। आज संस्कृति के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ की देश में एक अलग पहचान बन चुकी है। देश का एकमात्र कौशल्या मंदिर चंदखुरी में है। अब हर साल यहां कौशल्या उत्सव मनाया जाएगा, जहां देश भर से कलाकार शामिल होंगे। राजिम को पहले कुंभ मेले के नाम से जाना जाता था, अब इसे राजिम माघी पुन्नी मेला के नाम से जाना जाता है। यह मेला 15 दिनों तक चलता है और यहां लोक कलाकार अपनी प्रस्तुति देते हैं। आज राजिम, शिवरी नारायण और डोंगरगढ़ सहित धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर ठहरने की व्यवस्था की गई है। आप यहां जाइए दर्शन करने के बाद रुके और आसपास घूमकर आइए। नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया ने भी चंदखुरी राज के मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के वार्षिक अधिवेशन को संबोधित किया।

# दुर्गम क्षेत्रों में सूरज की रोशनी बुझा रही खेत-खार की प्यास

■ सौर सुजला योजना से किसानों को रियायती दर पर मिल रहे सोलर पंप खेती, मछली पालन और सब्जी उत्पादन से कर रहे अतिरिक्त कमाई

रायपुर/ संवाददाता

फसल की अच्छी पैदावार के लिए उचित देखरेख के साथ पर्याप्त सिंचाई भी जरूरी है। भौगोलिक दृष्टि से पहुंचविहीन और अविद्युतीकृत क्षेत्रों में किसानों के लिए खेतों तक पानी पहुंचाना एक बड़ी समस्या रही है। इन क्षेत्रों में सौर ऊर्जा बड़ी सहूलियत बन कर उभर रही है। उत्तर बस्तर कांकेर जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में सैकड़ों किसान सौर सुजला योजना के माध्यम से अपने खेतों में सोलर पंप लगाकर सिंचाई कर रहे हैं। इससे खेतों को भरपूर पानी मिलने लगा है, जिससे उत्पादन भी बढ़ा है। पानी की सुविधा होने से कई किसान खेतों के बीच मछली पालन और अतिरिक्त फसल लेकर अतिरिक्त कमाई भी करने लगे हैं। सौर ऊर्जा से पंप चलने से जहां किसानों को बिजली गुल की समस्या तथा भारी भरकम बिजली बिलों से छुटकारा मिला है, वहीं रात में वाटर रिचार्जिंग का समय मिलने से जमीन का जलस्तर भी नहीं गिरता है। सुदूर वनाच्छादित दुर्गम स्थलों के किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) द्वारा इन क्षेत्रों में रियायती दर पर किसानों को सोलर पम्प दिए जा रहे हैं। योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा 90 प्रतिशत से अधिक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। 5 हॉर्स पावर का पम्प अनुसूचित जाति और जनजाति के किसानों को 10 हजार रूपए, अन्य पिछड़ा वर्ग को 15 हजार रूपए और सामान्य वर्ग को 20 हजार रूपए में प्रदान किये जा रहे हैं।

### आंख में मिर्च पावडर डालकर नकदी 85800 रुपए की लूट

रायपुर। बाइक सवार अज्ञात दो युवकों ने आंख में मिर्च पावडर डालकर चाकू की नोक पर बैग में रखे 85800 रुपए लूट लिए। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार विजय नगर भनपुरी निवासी प्रार्थी रमाकांत सोनी 44 वर्ष कल रात अपनी बाइक से घर जा रहा था तभी एक्सप्रेस वे ईरानी डेरा के पास राजातालाब में बाइक सवार दो युवक ने प्रार्थी को ओव्हरटेक कर प्रार्थी के आंख में मिर्च पावडर डाल दिया। जिससे प्रार्थी रूका तो आरोपियों ने चाकू की नोक पर प्रार्थी के बैग में रखे 85800 रुपए लूटकर भाग निकले। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 394 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

शोषण के लिये बस्तर के लोगो से माफी मांगे

# बस्तर दौरे में जे.पी नड्डा बस्तर के आदिवासियों से माफी मांगे

रायपुर/ संवाददाता



भाजपा को राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी नड्डा अपने बस्तर प्रवास के दौरान रमन सरकार के द्वारा किये गये अत्याचार और शोषण के लिये बस्तर के लोगो से माफी मांगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि भाजपा कल भी आदिवासी विरोधी थी, आज भी आदिवासी विरोधी है। 15 साल के भाजपा के शासन काल में बस्तर के आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारियों को भाजपा ने बंधक बनाकर रखा था। 15 सालों तक बस्तर के आदिवासी सुरक्षा बलों और नक्सलवाद के दो पाटों में पिस रहे थे। छोटी-छोटी धाराओं में मासूम आदिवासियों को वर्षो तक जेल की सलाखों में बंद रखा गया था। उनकी जमीनों को कोडियों के दाम लूटने का षडयंत्र रचा गया। जल, जंगल, जमीन, पर आदिवासियों के नैसर्गिक अधिकारों का हनन किया गया था। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि भाजपा हमेशा से आदिवासियों की शोषक रही है। लोहंडीगुड़ा में आदिवासियों की अधिग्रहित जमीनों को रमन सरकार ने लैड बनाकर जप्त किया था, कांग्रेस सरकार ने उसे वापस किया। 15 सालों तक साढ़े पांच लाख से अधिक वन अधिकार पट्टों को लंबित रखा था? बस्तर में हजारों आदिवासियों को नक्सली बताकर भाजपा की सरकार ने वर्षों से जेलों में बंद रखा था, कांग्रेस की सरकार ने उनकी रिहाई शुरू करवाया। बस्तर में 400 से अधिक स्कूल भाजपा सरकार ने बंद कर दिया था। बस्तर में लोग डायरिया, मलेरिया से मरते रहे, भाजपा कभी आदिवासियों के स्वास्थ्य का ख्याल नहीं आया।

# छत्तीसगढ़ी लोककला संस्कृति को आगे पहुंचाना चाहती हूं-लोक गायिका चम्पा

■ छम-छम बाजे पांव की पैरी गीत ने मेरी तकदीर बदल दी : चम्पा निषाद

रायपुर/ संवाददाता

माघी पुन्नी मेला में रात्रि 10:30 बजे मुख्य महोत्सव मंच पर प्रस्तुति देने के बाद मीडिया सेंटर पहुंची छत्तीसगढ़ के प्रसिध्द लोक गायिका चम्पा निषाद ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति को आगे ले जाना चाहती हूं। भाषा के अनेक लोक भाषाएं है उस पर भी मुझे काम करना है। जिस तरह से भोजपुरी फिल्म पूरे देश में देखी व समझी जाती है उसी तरह से छत्तीसगढ़ी लोककला संस्कृति की पूरी दुनिया में पहचान हो। आई लव यू फिल्म के गीत छम-छम बोले पांव के पैरी.. गीत ने मुझे प्रसिद्धि दिलाई। इसे उत्तम तिवारी ने लिखा है तथा धुन भी उसी ने तैयार किया। इन्हें गाने में खूब मेहनत की और देखते ही देखते मेरी आवाज हर जवां दिलों की धड़कन बन गयी। निश्चित ही इससे मेरी तकदीर बदल गयी। जिसे मै माता पिता का आशीर्वाद एवं ईश्वर की कृपा मानती हुं। उन्होंने बताया कि मरदा गांव में जन्म हुआ। 8 साल की उम्र में रामायण कार्यक्रम में भजन प्रस्तुत करती थी। मेरे पिता रामायणी तथा कृषि कार्य करते थे। घर की आर्थिक स्थिति कमजोर होने से मात्र 12वीं तक ही पढ़ पायी थी। बाद में लोक संगीत में एम.ए. किया। पुन्नी के चंदा लोककला मंच से जुड़ी उसके बाद लगातार दर्शकों के बीच गीत गाती रहीं। उनका प्यार एवं दुलार ने मुझे आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त किया। चम्पा निषाद ने बताया कि छत्तीसगढ़ के अलावा राजस्थान, मध्यप्रदेश में 1500 से भी अधिक मंच साझा कर चुकी हूं। वह बताती है कि टीम में 40 सदस्य हैं सभी खूब मेहनत करते हैं। अभ्यास लोककला की जान हैं। लगातार कार्यक्रम चलने पर रियाज के लिए समय नहीं मिलता। हम दर्शकों की मुड देखकर उनके ही शैली में प्रस्तुत होते है। चम्पा निषाद ने आगे बताया कि हमारे घर में कुछ बड़े सिंगर का आना जाना था, जिनका सानिध्य मुझे मिला। मै हर तरह के गाने पसंद करती हूं। सभी गायको को ध्यान से सुनती भी हूं। छालीवुड में फिल्म ले चल नदियां के पार, वन टू, आई लव यू, खलिहान, मिस्टर मजनू, साथी।

### भोग भंडारे में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु कर रहे प्रसादी ग्रहण, साहू समाज और भक्ति न मंदिर समिति द्वारा मेला में भोग भंडारे का आयोजन

**रायपुर।** राजिम माघी पुन्नी मेला के छठवें दिन भोग भंडारा की शुरुआत राजिम भक्तिन माता एवं भगवान राजीव लोचन की पूजा आरती एवं भोग लगाकर प्रारंभ किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य के पर्यटन एवं धर्मस्व मंत्री ताम्रध्वज साहू जी के विशेष सहयोग एवं सांसद चुन्नीलाल साहू, छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, प्रदेश महामंत्री दयाराम साहू के मार्गदर्शन एवं साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, संरक्षक डॉ रामकुमार साहू, डॉ महेंद्र साहू के नेतृत्व में साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति एवं नगर साहू संघ राजिम नवापारा के संयुक्त तत्वाधान में राजिम मेला में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को माता को भोग प्रसाद दिया जा रहा है। मेला में छठवें दिन पूर्व मंत्री एवं कुरूद विधायक अजय चंद्राकर के द्वारा 21 हजार रूपए का विशेष सहयोग के साथ ही भोग भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें आलू-चना, राहर दाल, कड़ही एवं एचएमटी चाँवल परोसा गया। भोग भंडारा में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु भोजन प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं। इस अवसर पर अजय चंद्राकर के प्रतिनिधि के रूप में मालक राम साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं युवा नेता भूपेंद्र सिन्हा शामिल हुए।

राम वनगमन पथ ने बदली राजिम संगम तट की तस्वीर, ड्रोन से भव्य तस्वीर

# मेले में पहुंचने वाले श्रद्धालु रामचन्द्र के प्रतिमा की बनावट पर तारीफके दो शब्द जरूर कहते है

रायपुर/ संवाददाता

त्रिवेणी त्रिवेणी संगम का तट इन दिनों बदला हुआ नज़र आ रहा है। प्रत्येक आने वाले श्रद्धालु इन्हें देखकर कहते है कि हम राजिम में ही है न। वह आश्चर्य प्रकट करते है। क्योंकि पिछले वर्ष ही इनका दृश्य अलग नज़र आ रहा था परन्तु इस वर्ष राम वनगमन परिपथ के चलते पूरा संगम तट की तस्वीर ही बदल गई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में भगवान राम के वनवास काल से जुड़े स्थलों को विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। जिसमें पहले चरण प्रदेश के 9 स्थल को लिया गया। इसमें राजिम का भी नाम शामिल है। राजिम के लिए 19 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत विकास कार्य किए जा रहे



हैं। राजिम में गंगा आरती घाट से लेकर महानदी पुल तक लम्बे चौड़े वर्गाकार क्षेत्रफल में फैले तट जो नदी से करीब 30 फिट ऊंचाई लिए हुए है। यहां पर सीढ़ी बना दिया गया है। कहीं से भी श्रद्धालु नदी में उतरकर स्नान, दान, अस्थि विसर्जन, पूजा-पाठ इत्यादि कृत्य कर सकते है। इन सीढ़ियों पर राजस्थान से लाल पत्थर मंगाकर लगाया गया है। पिछले कई दिनों से कारीगर इन्हे लगाने मे लगे हुए थे। मुक्ताकाशी महोत्सव मंच के दाहिने भाग में बने दर्शक दीर्घा की लुकिंग इन चिकने पत्थरों से बढ़ गई है। उनके ही उपरी भाग में रामवाटिका आकर्षण का केन्द्र बने हुए है। 6 फिट ऊंची चबुतरा जिनमें 12 सीढ़ियां मौजूद है। इसी में 21 फिट ऊंची रामचन्द्र की विशाल प्रतिमा स्थापित किया गया है। प्रभु रामचन्द्र बाँये हस्त में धनुष पकडे हुए हैं तथा दाँये हाथ वरमद्रा में है। प्रतिमा की गेरूंवा शीला उड़ीसा के हैं। बनाने वाले मूर्तिकार भी कटक उड़ीसा से आए हुए थे। चतुष्कोणीय जगती तल के चारों किनारे आकर्षक डिजाईन प्रस्तुत किया गया है। लाईट फाऊंटेन से आभा निखर गई है। हर आने-जाने वाले सीढ़ियों पर बैठकर सेल्फि जरूर लेते है। रामचन्द्र प्रतिमा के पीछे वाटिका बनाया गया है। जहाँ बैठकर लोग थकान मिटाते है। रामचन्द्र प्रतिमा चबुतरा के चारो ओर भित्ती चित्र बनाया गया है। इसमें रामायण कालिन घटनाओं को प्रस्तुत किया गया है। करीब 40 चित्र सिमेंट से बनाया गया है। इन्हे म्यूरलआर्ट कहा जाता है।

# प्रदेश में कोदो, कुटकी और रागी की खरीदी तीव्र गति से जारी



■ अब तक 8.21 करोड़ रूपए की लगभग 27 हजार क्विंटल की हुई खरीदी

■ प्रदेश की समस्त प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों में की जा रही है खरीदी

रायपुर/ संवाददाता

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप छत्तीसगढ़ में कोदो, कुटकी एवं रागी की फसलों को बढ़ावा देने के लिए इनकी समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा रही है। वन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश में अब तक 8 करोड़ 21 लाख रूपए मूल्य की 26 हजार 808 क्विंटल कोदो, कुटकी और रागी की खरीदी हो चुकी है। राज्य लघु वनोपज संघ से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोदो की खरीदी 30 रूपए प्रति किलो, कुटकी की खरीदी 31 रूपए और रागी की खरीदी 35.78 रूपए प्रति किलो की दर से की जा रही है। अब तक 22 हजार 855 क्विंटल कोदो, 1 हजार 182 क्विंटल कुटकी और 2 हजार 772 क्विंटल रागी की खरीदी की जा चुकी है। समर्थन मूल्य पर कोदो, कुटकी और रागी फसलों की खरीदी 15 फरवरी 2023 तक की जाएगी। उल्लेखनीय है कि पूरे प्रदेश में राज्य लघु वनोपज संघ की समस्त प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों द्वारा कोदो, कुटकी और रागी की खरीदी की जा रही है। प्रमुख सचिव वन श्री मनोज कुमार पिंगुआ ने बताया कि किसानों के हित में इसका दायरा बढ़ाकर अब पूरे प्रदेश में राज्य लघु वनोपज संघ की समस्त प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के माध्यम से इन फसलों की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा रही है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री संजय शुक्ला ने बताया कि राज्य के ऐसे क्षेत्र, प्राथमिक लघु वनोपज समिति अथवा जिला यूनियन के कार्यक्षेत्र से बाहर स्थित है, ऐसे ग्रामों, क्षेत्रों को चिन्हांकित कर समीपस्थ प्राथमिक लघु वनोपज समिति एवं जिला यूनियन के कार्यक्षेत्र में शामिल किया गया है। जिससे ऐसे क्षेत्रों में कोदो, कुटकी एवं रागी की समर्थन मूल्य पर खरीदी हो सके और इन फसलों का संग्रहण करने वाले संग्राहकों को समर्थन मूल्य का लाभ मिले।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक-संदीप तिवारी द्वारा अनंत विहार कालोनी, दलदल सिवनी मार्ग-मोवा रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़ प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स अनंत विहार कालोनी, दलदल सिवनी मार्ग -मोवा रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित।
कार्यकारी संपादक- आसिफ इकबाल (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) फोनः-9301031000, 0771-6556444 bharatbhaskar222@gmail.com